(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

अपारशक्ति ने पूरी की एक्शन थ्रिलर ...8



शुक्रवार, 08 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 109 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## संसद के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, जारी रहा विपक्ष का हंगामा

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण खत्म हो चुका है। आज संसद के दोनों सदनों यानी कि राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, विपक्ष आज भी हंगामा करता रहा। विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर लगातार सरकार के खिलाफ हो हल्ला कर रहा था। राज्यसभा में तो आलम यह तक हो गई कि सभापति एम वेंकैया नायडू अपना पारंपरिक संबोधन तक नहीं दे सके। लोकसभा की भी कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस सत्र में 27 बैठकें हुईं और सदन की कार्य उत्पादकता 129 प्रतिशत रही। बजट सत्र की बैठक निधारित कार्यक्रम से एक दिन पहले अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैठक 8 अप्रैल तक चलनी थी।

लोकसभा की कार्यवाहीः सुबह निचले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान सदन की बैठकें लगभग 177 घंटे 50 मिनट तक चलीं। इस दौरान 182 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिये गए।'' उन्होंने बताया कि बजट सत्र के लिए लोकसभा की कार्यवाही 31 जनवरी को शुरू हुई जब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को केंद्रीय कक्ष में संबोधित किया। बिरला ने बताया कि 2, 3,4 और 7 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई और सात फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। इस पर 15 घंटे 13 मिनट चर्चा हुई। बिरला ने कहा कि 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022–23 का केंद्रीय बजट पेश किया। इस पर 7,8,9 और 10 फरवरी को चर्चा हुई। निचले



सदन ने बजट पर 15 घंटे 35 मिनट तक चर्चा की। सदन में रेल मंत्रालय, सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, नागर विमानन मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा पोत परिवहन मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा हुई और उन्हें पारित किया गया। 24 मार्च को शेष मंत्रालयों की अन्य सभी अनुदान की मांगों को एक साथ सभा में मतदान के लिये रखा गया और सभी को एक साथ पारित किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि सत्र के दौरान 12 विधेयक पुनरूस्थापित किये गए और 13 विधेयक पारित हुए। सत्र के दौरान सदन में जम्मू कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिये अनुदान की मांगों (2022– 23) और अनुदान की अनुपूरक मांगों (2021–22) को भी पारित किया गया। सत्र के दौरान पारित किये गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों में वित्त विधेयक 2022, दिल्ली नगर निगम संशोधन विधेयक 2022,सामूहिक संहार के आयुध और उनकी परिदान प्रणाली (विधिविरूद्ध क्रियाकलापों का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2022 तथा दंड प्रक्रिया (शिनाख्त) विधेयक, 2022 शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सदन में प्रश्नकाल में प्रतिदिन औसत आठ प्रश्नों के उत्तर दिये गये। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था और इसका प्रथम चरण 11 फरवरी तक चला। प्रथम चरण में केंद्रीय बजट पेश किया गया था। बजट सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च से शरू हुआ था।

राज्यसभा की कार्यवाहीः कांग्रेस और शिव सेना सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों के भारी हंगामे के बीच, राज्यसभा की बैठक निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद सभापति नायडू ने सभी सदस्यों को अवगत कराया कि आज बजट सत्र का आखिरी दिन है और वह कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वजह से वह कोई भी नोटिस स्वीकार नहीं कर रहे हैं। इसी दौरान, शिव सेना के सदस्यों ने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को बचाने के लिए एकत्रित की गई निधि में कथित अनियमितता को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया और उनके बेटे नील के खिलाफ मुंबई पुलिस की ओर से दर्ज किए गए धोखाधड़ी का मामला उठाना चाहा। कांग्रेस के सदस्यों ने भी इस मुद्दे पर शिव सेना का साथ दिया। सभापति ने हालांकि सदस्यों को इस मामले को उठाने की अनुमति नहीं दी। लिहाजा, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा आरंभ कर दिया। सभापति ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वह इस मामले को जहां चाहे उठा सकते हैं लेकिन सदन में नहीं क्योंकि उन्होंने अनुमति नहीं दी है।

## 44 हफ्तों के कड़े प्रशिक्षण के बाद बीएसएफ में शामिल हुए 242 रंगरूट

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर में सीमा सुरक्षा बल की पासिंग



आउट परेड में भाग लेने वाले जवानों के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। 44 हफ्ते के कठिन प्रशिक्षण के बाद बीएसएफ की वर्दी पहन कर जवान फूले नहीं समा रहे थे। देश की सेवा करने के जज्बे से ओतप्रोत इन जवानों को बीएसएफ में शामिल किये जाने के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सभी को 44 हफ्ते का प्रशिक्षण दिया गया है और ट्रेनर ने इनको फील्ड क्राफ्टिंग, फायरिंग और परेड का प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने बीएसएफ को कॅरियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए रंगरूटों की सराहना की और साहस और उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर अभियानों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक भी प्रदान किए। हम आपको बता दें कि इस पासिंग आउट परेड के दौरान 242 रंगरूट बीएसएफ में बहादुर सीमा प्रहरी के रूप में शामिल हुए। यह सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। प्रभासाक्षी संवाददाता ने इन बहादुर जवानों से बातचीत कर उनकी प्रतिक्रिया जानी तो सभी ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि देश सेवा करने का जो सपना बचपन में देखा था वह अब पूरा हुआ है।

## अखिलेश जी और भी हैं मानसिक रोगियों की सूची तो योगी जी तक पहुंचाए, समय से होगा इलाजः स्वतंत्रदेव सिंह

लखनऊ। गोरखनाथ मंदिर के गेट पर सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने वाले आरोपी मुर्तजा को मानसिक रूप से बीमार बताने पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव चौतरफा घिरते नजर आ रहे हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बाद अब कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भी अखिलेश के बयान पर पलटवार किया है। योगी सरकार में जलशक्ति मंत्र स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा, अखिलेश जी यदि आपके पास और भी मानसिक रोगियों की कोई सूची है तो उसे योगी जी तक पहुंचाएं, जिससे सभी का समय से उचित इलाज हो सके। इससे पहले केशव प्रसाद मौर्य ने भी सपा प्रमुख पर हमला बोला। मौर्य ने ट्विट कर लिखा गोरखनाथ मंदिर में हमला करने वाला आतंकवादी है कि अपराधी, यह जांच एजेंसी तय करेगी, परंतु मुस्लिम तुष्टिकरण की



राजनीति में अखिलेश यादव का बयान जनता की सुरक्षा का मजाक बनाना है। आतंकवादी, अपराधी कौन है, यह सपा नहीं तय करेगी। उन्होंने आगे लिखा, अखिलेश यादव को कौन समझाए कि आतंकवादी होता ही है मनोरोगी। ये हे पूरा मामलाः बुधवार को कन्नौज पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि पिछले रविवार को गोरखनाथ मंदिर के गेट पर सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने वाला मुर्तजा अब्बासी मानसिक रूप से बीमार है और मामले की जांच में इस पहलू पर भी गौर किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि भाजपा हर चीज को तिल का ताड़ बनाने में माहिर है। गौरतलब है कि मुर्तजा अब्बासी (30) ने पिछले रविवार रात गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर में दाखिल होने की कोशिश की थी और जब सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोका तो उसने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया जिसमें पीएसी के दो जवान घायल हो गए थे। उसके बाद मुर्तजा को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले की जांच उत्तर प्रदेश का आतंकवाद विरोधी दस्ता और विशेष कार्य बल मिलकर कर रहे हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि अब्बासी कट्टर विचारधारा से प्रभावित है। गोरखनाथ मंदिर में गोरखपुर पीठ के महंत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आवास भी है। हालांकि घटना के वक्त वह वहां मौजूद नहीं थे।

## सभी वैरिएंट्स से सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है XE variant! जानें लक्षण और अहम बातें



मुंबई । कोरोना का नया सब एक्सई वैरिएंट का नया मामला मिला है। खबरों के मुताबिक, जिस महिला में कोरोना का नया एक्सई वैरिएंट की पुष्टि की गई है वह 50 साल की है और उसमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं दिखे थे। बता दें कि, महिला को वैक्सीन की दोनों डोज भी लग चुकी है। बीएमसी के मुताबिक,इस नए वैरिएंट की पुष्टि के लिए नमूना आगे के विश्लेषण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स भेजी जाएगी। बता दें कि, मुंबई में इस मामले के मिलने के बाद से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क हो चुकी है। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों की मानें तो मरीजों के नमूने में एक्सई वैरिएंट की मौजूदगी नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि, कोरोना का नया वैरिएंट सभी वैरिएंट्स से सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एक्सई वैरिएंट ओमिक्रोन के बीए. 2 वैरिएंट की तुलना में 10 गुना तेजी से फैलता है। ओमिक्रोन के लक्षणों में बुखार, गले में खराश, खांसी, सर्दी, त्वचा में जलन जैसी शिकायत होती है। इस वैरिएंट की सबसे पहला केस यूके में 19 जनवरी को आया था जिसके बाद करीब 637 मामले और बढ़ गए हैं। एक्सई वैरिएंट के थाईलैंड और न्यूजीलैंड में भी मामले आए हैं। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि, एक्सई वैरिएंट मरीजों के लिए कितना ज्यादा गंभीर है। बता दें कि, इसके डेटा की विश्व स्वास्थ्य संगठन और जांच कर रहा है।

## कश्मीरी पंडितों का 'जातीय नरसंहार' हुआ, जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएः सुशील मोदी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुशील कुमार मोदी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कश्मीरी पंडितों का मुद्दा उठाया और उनके खिलाफ हुए ''जातीय नरसंहार'' से जुड़े सभी मामलों की जांच के लिए केंद्र सरकार से उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किए जाने की मांग की। उच्च सदन में शून्यकाल के तहत इस मुद्दे को उठाते हुए मोदी ने कहा कि वर्ष 1989 से वर्ष 1998 के बीच 700 से ज्यादा कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी गई, उनकी संपत्तियों पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया और इसकी वजह से तीन लाख से



ज्यादा पंडितों को कश्मीर छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होंने उस दौर में हुए विभिन्न हत्याकांड का उल्लेख करते हुए कहा, ''यह जातीय संहार था। यह नरसंहार था। यह विध्वंसक था।'' मोदी ने कहा कि इन मामलों में 200 से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हुई हैं लेकिन एक भी प्राथिमिकी दोषसिद्धि में परिणीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि 32 साल हो गए, लेकिन अभी भी कश्मीरी पंडितों को न्याय नहीं मिला है। उन्होंने आसन से कहा, ''मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि तमाम प्राथमिकियों को मिला कर, उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया जाए। यह जांच अदालत की निगरानी में हो, जिसमें सीबीआई, एनआईए का भी सहयोग लिया जाए। नए सिरे से प्राथमिकियां दर्ज की जाएं। मामलों को फिर से खोला जाए और फिर से उनकी जांच हो। लंबित आरोपपत्रों का त्वरित निराकरण किया जाए।'' मोदी ने कहा कि 32 सालों के बाद, कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार करने वाले जिन लोगों को सजा नहीं मिली है, उन्हें भी सजा दी जाए। उन्होंने कहा, ''...बिट्टा कराटे और यासीन मलिक जैसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि कश्मीरी पंडितों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करने की कोई और हिम्मत नहीं कर सके।

## जम्मू–कश्मीर बैंक से जुड़े मामले में ईडी ने उमर अब्दुल्ला से की पूछताछ

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू–कश्मीर



(जेएंडके) बैंक द्वारा एक इमारत की खरीद से संबंधित मामले में जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बृहस्पतिवार को दिल्ली में पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह इमारत करीब 12 साल पहले खरीदी गई थी। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता आज सुबह संघीय जांच एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे, जहां उनका बयान दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने इस संबंध में इस साल की शुरुआत में मामला दर्ज किया था।




## अलकायदा सरगना की तारीफ पर मुस्कान के पिता ने कहा– हम प्रेम एवं भाईचारे के साथ रह रहे हैं

पिछले कुछ समय से देश में हिजाब का मुद्दा काफी सुर्खियों में है। कर्नाटक से शुरू हुआ यह मुद्दा देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच गया है। इसको लेकर देश में एक समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। इन सबके बीच अपने कॉलेज में हिजाब का विरोध कर रहे छात्रों के एक समूह का मुकाबला करने के लिए कर्नाटक की छात्रा मुस्कान खान का वीडियो खूब वायरल हुआ था। इसी वीडियो को लेकर अलकायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी ने उसकी तारीफ की और भारत में लोकतंत्र को निशाना बनाने के लिए कर्नाटक के हालिया हिजाब विवाद का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि ''हमें मूर्तिपूजक हिंदू लोकतंत्र की मृगतृष्णा से छले जाने को रोकना होगा।''



जवाहिरी के बयान सामने आने के बाद मुस्कान खान के पिता का भी बड़ा वक्तव्य सामने आया है। जवाहिरी के बयान से दूरी बनाते हुए मुस्कान के पिता ने आतंकी संगठन सरगना के बयान को 'गलत' करार दिया और कहा कि वह और उनके परिवार के सदस्य भारत में शांतिपूर्वक रह रहे हैं। वीडियो क्लिप के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करने को कहे जाने पर मोहम्मद हुसैन खान ने कहा कि हम इस (वीडियो) के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। हम नहीं जानते कि वह कौन है। मैंने उसे आज पहली बार देख...हम यहां प्रेम एवं भाईचारे के साथ रह रहे हैं। जवाहिरी द्वारा वीडियो में मुस्कान की तारीफ किये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''लोग जो चाहें कह सकते हैं...यह अनावश्यक परेशानी पैदा कर रहा है। हम देश में शांतिपूर्वक रह रहे हैं, हम नहीं चाहते कि वह इस बारे में बात करे क्योंकि वह हमसे संबद्ध नहीं है...यह गलत है, यह हमारे बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश है।

उन्होंने मुस्कान के भी वीडियो देखने का जिक्र करते हुए कहा कि जवाहिरी ने जो कुछ कहा है वह गलत है। मुस्कान के पिता ने कहा कि वह (मुस्कान) अब भी एक छात्रा है, वह पढ़ना चाहती है। किसी संबंध का पता लगाने के लिए जांच कराने की लोगों के एक वर्ग द्वारा की जा रही मांग के बारे में पूछे जाने पर खान ने कहा ऐसा होने दीजिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए कानून, पुलिस और सरकार है। इसबीच, कर्नाटक के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने कहा कि (अलकायदा सरगना का) वीडियो बयान इस विवाद में अज्ञात तत्वों की संलिप्तता को साबित करता है। अरबी में जारी हुई इस वीडियो क्लिप में, एसआईटीई इंटेलीजेंस ग्रुप ने अंग्रेजी 'सबटाइटल' (अनुवाद) उपलब्ध कराया है।

# समीक्षा बैठक में पूरी तैयारी से आयें अधिकारी: नवदीप रिणवा

## मण्डलायुक्त ने की अयोध्या धाम के विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

अयोध्या। आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में अयोध्या धाम व उसके आसपास चल रही विकास परियोजनाओं, निर्माण कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह की उपस्थिति में की गयी। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि बैठक में पूरी तैयारी से आये। आधी अधूरी जानकारी लेकर न आयें, बुकलेट में जो प्रारूप है उनके सभी बिन्दुओं को अपनी देखरेख में भरायें। गलत आकड़े न फीड हो इसके लिए आवश्यक है कि इन आकड़ों का विधिवत मिलान के पश्चात ही उस पर हस्ताक्षर करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि कल सुबह उनके द्वारा अयोध्या परिक्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान सुलभ शौचालय का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सुलभ शौचालय में पर्याप्त साफ सफाई न मिलने पर बैठक में उपस्थित अपर नगर आयुक्त के समक्ष नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि दूसरे सुलभ शौचालय में एक व्यक्ति का परिवार रह रहा था और वहां पर सुलभ शौचालय का संचालन होता नही पाया गया। यह स्थिति तब है जब मुख्यमंत्री एवं मेरे द्वारा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये जा चुके है। अपर नगर आयुक्त ने नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न कार्यो का व्यौरा प्रस्तुत किया। समीक्षा के दौरान कान्हा गौशाला के निर्माण जिसकी लागत 8 करोड़ 52 लाख 57 हजार रूपये है, का निर्माण शीघ्र पूरा करें। पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना अन्तर्गत अयोध्या के 33 पार्को का 6 करोड़ 12 लाख की लागत से कायाकल्प किया जाना है। इस प्रोजेक्ट के तहत 5 करोड़ का ऋण नगर निगम को स्वीकृत किया गया है जिसके सापेक्ष 50 लाख रूपये अवमुक्त किया जा चुका है। मण्डलायुक्त ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर अफीम कोठी के पीछे सीता झील के निर्माण हेतु वैज्ञानिक तरीके से विरासती कचड़े का पुर्नग्रहण हेतु शासन द्वारा नगर निगम को 3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य 30 अप्रैल तक समाप्त होना था परन्तु कचड़े भूमि के ज्यादा नीचे तक है अतः इसमें 15 दिन का समय और लग सकता है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि ऐनीमल बर्थ कन्ट्रोल हेतु शासन द्वारा नगर निगम को 3 करोड़ 20 लाख के लागत से सापेक्ष 1 करोड़ 60 लाख अवमुक्त किया जा चुका है। 30 जून तक निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा तत्पश्चात ऐनीमल बर्थ कन्ट्रोल का कार्य तत्काल प्रारम्भ कर दिया जायेगा। बैठक के दौरान बताया गया कि 5 कच्चे नाले के निर्माण हेतु 2 करोड़ 50 लाख रूपये से आरसीसी नाला बनाया जायेगा। राजस्व ग्राम कुसमाहा में स्थित अष्टभुजी माता जी के मंदिर के सामने स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण हेतु शासन द्वारा 50 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। सम्बंधित कार्यदायी एजेंसी द्वारा बताया गया कि इस कार्य को सितम्बर के पहले पूर्ण करा लिया जायेगा। नगर निगम अयोध्या सीवरेज योजना डिस्टिक वन पार्ट–1 का कार्य अगस्त 2023 तक पूरा हो जायेगा, जिसकी कुल लागत 243 करोड़ 84 लाख 54 हजार रूपये है। बैठक में फैजाबाद नगर की इंटर सेप्सन एण्ड डायवर्जन योजना हेतु स्वीकृत 221 करोड़ 65 लाख 76 हजार के करोड़ की लागत की परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। नगर निगम अयोध्या पेयजल योजना फेज–3 की लागत 54 करोड़ 56 लाख 62 हजार बतायी गयी है। पवित्र सरयू नदी में अयोध्या के 5, अयोध्या कैंट शहर के 15 तथा कैंट के 1 नाले का पानी गिरता था बायो रेमोडिएशन विधि द्वारा अयोध्या धाम के 5 नाले पूर्व में ही टैप हो चुके है जबकि अयोध्या कैंट शहर के 15 नालों पर यह कार्य प्रगति पर है, जिसे आयुक्त ने शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित कौशलेश कुंज योजना पार्किंग सुविधा 4 करोड़ 66 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है जिसके सापेक्ष 1 करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त कर ली गयी है। अयोध्या मार्ग स्थित जलकल अमानीगंज के सामने स्थित भूमि पर पार्किंग सुविधा के लिए शासन द्वारा 12 करोड़ 68 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत करते हुये अब तक दो करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। टेढ़ीबाजार चौराहे के पास पब्लिक एमिनिरीज एवं पार्किंग तथा जनसुविधा का विकास शापिंग काम्प्लेक्स हेतु 30 करोड़ 79 लाख की लागत के सापेक्ष एक करोड़ रूपये की धनराशि शासन द्वारा अवमुक्त की गयी है। उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यो में शामिल मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रगति की समीक्षा भी गयी और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान अयोध्या धाम व उसके आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए चल रही परियोजनाओं की समीक्षा उनके विभागीय अधिकारी एवं सम्बंधित कार्यदायी संस्था के साथ मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा एवं जिलाधिकारी नितीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रबन्धक आदि उपस्थित थे।

## बाइक की टक्कर से महिला घायल

गोण्डा। मोतीगंज थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोती गंज थाना क्षेत्र के घरवाह जोत गांव के निवासी 43 वर्षीय संजू पांडेय पत्नी सुनील कुमार देर शाम को सड़क पार कर रही थी। तभी अचानक तेज रफ्तार से जा रही बाइक ने टक्कर मार दिया जिस से गम्भीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रंजिश में युवक को पीटा

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 32 वर्षीय युवक को रंजिश में मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगरकोतवाली क्षेत्र के मिस्रौलिया गांव के निवासी दीपक तिवारी पुत्र सोमनाथ को पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## टॉनिक समझ कर पी लिया , जहरीली दवा

गोण्डा। वजीर गंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने टॉनिक समझ कर जहरीली दवा पी लिया। हालत खराब होने पर उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।वजीर गंज थाना क्षेत्र के ढोडिया पारा गांव के निवासी 60 वर्षीय जनक लली पत्नी मोती चौहान की तबियत खराब थी और शरीर मे कमजोरी थी। डॉक्टर को दिखाया था। डॉक्टर ने टॉनिक और दवा लिखी थी। टॉनिक की जगह पर सब्जी में डालने वाली जहरीली दवा पी लिया। हालत खराब होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है।

## भुजवा बाबा ने अपने अनुयायियों सहित की मां पाटेश्वरी देवी तुलसीपुर की दर्शन यात्रा

गोण्डा। माता पाटेश्वरी देवी के दर्शन को भुजवा बाबा उमरी बेगमगंज के पास से अनेकों वर्षों से प्रतिवर्ष मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन के लिए गाजे–बाजे के साथ हजारों की संख्या में अपने अनुयायियों के साथ जाते हैं , जिनके लिए माधोपुर ग्राम पंचायत में प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ अरुण कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी ब्लाक बेलसर एवं सभी कर्मचारीगण द्वारा मिलकर श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर प्रधान माधवपुर ,शिवकुमार शुक्ला, केडी तिवारी, संतोष, राजेंद्र कुमार गुप्ता टीए, आरिफ खान टीए, नितिन कुमार,अमित पटेल,अनिरुद्ध ,संजय ग्राम विकास अधिकारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिना कार्य किये सफाई कर्मी उठा रहा वेतन

करनैलगंज(गोंडा)। गांवों में सफाई व्यवस्था के लिए तैनात सफाई कर्मचारी बिना सफाई कार्य किये ही प्रतिमाह वेतन ले रहे हैं। जिससे गांवो में गन्दगी की भरमार है। प्रकरण विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत अहिरौरा से जुड़ा है। यहां के ग्राम प्रधान राजू रावत ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत व खंड विकास अधिकारी करनैलगंज को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि उनके ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी गांव में सफाई कार्य करने नही आते हैं। जिससे गांव में की नालियां जाम होकर बजबजा रही हैं। नाली के पानी की निकासी बाधित होने के साथ गन्दगी की भरमार है। प्रधान ने बताया कि गांव वाले विवश होकर स्वयं नालियों की सफाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव की बात ही छोड़िये सफाई कर्मी स्कूल में भी सफाई करने नही आ रहे हैं। प्रधान ने बताया कि सात माह हो गये हैं सफाई कर्मचारी पेरोल पर भी हस्ताक्षर कराने नही आये हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिओम पाल सफाई कर्मचारी का बचाव करते दिखे। उन्होंने बताया कि अहिरौरा का सफाई कर्मचारी सौंचालय का फोटो खींच रहा है। उसके बाद उन्होंने बताया कि वह कार्यालय से अटैच है। खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत दूदा व अहिरौरा की जांच की जायेगी। शिकायत सही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई भी की जायेगी।

## आजादी की लड़ाई में महाराजा बिजली पासी का अहम योगदान: रामचन्द्र यादव

### महाराजा बिजली पासी राज्यारोहण दिवस समारोह का किया गया आयोजन

रूदौली–अयोध्या ।रूदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुनवा स्थित पंचशील डेयरी परिसर माँ कामाख्या धाम में मिशन पासी समाज एकता संगठन द्वारा महाराजा बिजली पासी के राज्यारोहण स्मृति समारोह के अवसर पर पासी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की तादाद में पूरे प्रदेश से आए पासी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद कुमार शास्त्री(सेवानिवृत्त अध्यापक)द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूदौली विधायक राम चन्द्र यादव मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी,श्रीपाल सुल्तानपुर, सुरेश चंद्र लखनऊ व धमसादीन मिल्कीपुर ने मौजूद लोगों को महाराजा बिजली पासी जी के चरित्र का वर्णन करते हुए सम्बोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन राम देव रावत ने किया ।कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी प्रस्तुति रामेश्वर आजाद एण्ड पार्टी उन्नाव द्वारा किया गया। भाजपा विधायक राम चन्द्र यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में महाराजा बिजली पासी का अहम योगदान था। उन्होंने लोगो को उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा आजादी की लड़ाई में पासी समाज का महान योगदान है। महाराजा बिजली पासी सहित सुहेलदेव पासी, माहे पासी, दहिया पासी सहित हजारो पासी समाज के योद्धाओं की तलवारों का जौहर पूरे देश में दिखाई देता था। इसी प्रकार उदा देवी ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे, जिससे पासी समाज के पूर्वजों का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने समाज के बच्चों का आह्वान करते हुए उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता तेज तिवारी,जग प्रसाद रावत,राम भवन रावत, राम धानी रावत,धर्मपाल सोनकर,शिव कैलास रावत, रामेशर रावत,रोमी रावत,जगन्नाथ रावत,राम मिलन रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम का सुना गया उद्बोधन

अयोध्या। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय के अटल सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन लाईव सामूहिक रुप से सुना गया। इसके बाद ध्वजारोहण हुआ तथा पदयात्रा निकाली गयी। पार्टी कार्यालय से निकली पदयात्रा का नगर निगम में समापन हुआ। पार्टी कार्यालय में गोष्ठी के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को आत्मसात करते हुए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। परिवारवाद का भाजपा में कोई स्थान नहीं है। पार्टी राष्ट्रवाद के सिद्धान्त पर चलती है। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित व अपने विचारों के प्रति समर्पित होता है। परिस्थितियां कैसी भी रहीं हो भाजपा ने कभी अपने विचारों से समझौता नहीं किया। महज वोट के लिए जातिवाद व तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलते हुए हम अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति संकल्पित है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा में है। पार्टी की नीतियों से समाज का हर वर्ग खुद को जोड़कर देखता है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर हम तेजी से बढ़ रहे है। इसमें सबका प्रयास समाहित है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, राधेश्याम त्यागी, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू राघवेन्द्र पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिले के सभी मण्डलों व बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। वहीं जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने आवास पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण करने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में महामंत्री परमानंद मिश्रा, दिवाकर सिंह, आकाशमणि त्रिपाठी, राजेश सिंह, शैलेन्दर कोरी, तिलकराम मौर्या, सार्थक तिवारी, काशीराम रावत, रविशर्मा, सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## दुष्कर्म की घटना को लेकर वामदलों के नेताओं सौंपा मांगपत्र

अयोध्या। विगत 16 मार्च को अयोध्या नगर के खाकी अखाड़ा में रहने वाली पांच वर्षीय बालिका के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर वामदलों के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी ली और न्याय के लिए संघर्ष करने का विश्वास दिलाया।

पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना का स्वतः संज्ञान लेकर अयोध्या कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है व एक अभियुक्त को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है। लेकिन पीड़ित परिवार से कोई तहरीर नहीं ली गई है जिसके कारण घटना में शामिल अन्य अभियुक्त अभी भी कानूनी कार्रवाई से दूर हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार न्याय न मिलते देख घटना से दुखी हो कर पीड़िता के 35 वर्षीय बड़े पिता की हृदयाघात से मृत्यु भी हो चुकी है। उक्त घटना को जघन्य एवं सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए वामदलों के नेताओं ने पीड़ित को त्वरित न्याय के लिए जिलाधिकारी को संबोधित मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा जिसमें पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराकर घटना के वास्तविक दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कराने व पीड़ित परिवार को बालिका के भविष्य की सुरक्षा के लिए 50 लाख रुपए का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई है।

## तहसीलदार ने सरकारी भूमि पर बने मकान को बुल्डोजर से गिरवा दिया

करनैलगंज(गोंडा)। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने सामने खड़े होकर सरकारी भूमि पर बने मकान को बुल्डोजर से गिरवा दिया। तहसील करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम शहजोत परगना पहाड़ापुर में खलिहान भूमि से अवैध अतिक्रमण को . जेबीसी से गिरा दिया गया। तहसीलदार पुष्कर मिश्र ने बताया राजस्व टीम द्वारा ग्राम शाहजोत, परगना पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार में अतिक्रमण कर्ता राजेश कुमार पुत्र राम खेलावन द्वारा खलिहान भूमि पर किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। उप जिलाधिकारी हीरालाल ने तहसील क्षेत्र में अवैध निर्माण चिहिन्त कर उन्हें कब्जा मुक्त कराने का आदेश दिया था। प्रशासन की कार्रवाई से सरकारी जमीन पर कब्जा किए लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने पहाड़ापुर में अन्य अवैध निर्माण पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि सरकारी जमीनों का चिन्हांकन कराया जा चुका है। एक एक करके सभी अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## पार्टी ध्वज फहराकर मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

मिल्कीपुर–अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना वर्ष के अवसर पर मिल्कीपुर मंडल द्वारा मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय स्थित अटल मंडपम इनायत नगर में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पार्टी ध्वज फहराया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल पदाधिकारियों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मौजूद मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार भी रखें। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला प्रतिनिधि राम राम पाठक, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरुण गुप्ता, सेक्टर प्रमुख ओम प्रकाश उपाध्याय, सेक्टर प्रमुख रामकरण तिवारी, महामंत्री सत्य प्रकाश सिंह, बूथ अध्यक्ष तेज बहादुर पांडे, हरि प्रसाद यादव, अंकित विश्वकर्मा, मंडल मंत्री शेर बहादुर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सेक्टर प्रमुख विजय शुक्ला, शैलेंद्र दुबे, शुभम गुप्ता, मंडल मंत्री अजय मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, सेक्टर प्रमुख आलोक शुक्ला, शुभम मौर्या व जिला प्रतिनिधि श्याम नारायण पाठक अन्य तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भोगी चौराहा का नाम बदलकर हजारों लोगों की सर्वसम्मति से इंद्रेश्वर महादेव चौराहा किया गया

करनैलगंज(गोंडा)। क्षेत्र के ग्राम शाहपुर धनावा में स्थित भोगी चौराहा का नाम बदलकर हजारों लोगों की सर्वसम्मति से इंद्रेश्वर महादेव चौराहा किया गया है। इसका नेतृत्व कर रहे हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहित राज ने बताया कि नाम का बहुत महत्व होता है। भोगी नाम का व्यक्ति न तो कोई सेना में शहीद जवान है, न ही कोई स्वतंत्रता सेनानी है और भोगी शब्द का कोई धार्मिक य संस्कृतिक अर्थ भी नहीं निकलता है। उनका कहना है, इस देश में कोई भी राज्य, जिला या चौक चौराहा किसी मुगल आक्रांता आतंकवादी या व्यक्ति विशेष के नाम पर न होकर, हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं हमारे धर्म के आराध्य देवी देवताओं के नाम पर होना चाहिए। उन्होंने बताया भूतकाल में इस जगह को श्री इंद्रेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता था, क्योंकि बगल में ही इंद्रेश्वर महादेव का अति प्राचीन भव्य एवं विशाल मंदिर भी है। इसलिए हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में उन्होंने सर्वसम्मति से इस चौराहे का नाम इंद्रेश्वर महादेव रखा गया है।

## जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में गिरने से, तीन वर्षीय बालिका की मौत

इटियाथोक,गोंडा ।थाना क्षेत्र के बेलवा शुकुल गांव में सुबह बड़ा हादसा हो गया ।खबर है, सड़क के किनारे बने गड्ढे में तीन वर्षीय मासूम बालिका की डूबने से मौत हो गई ।जबकि पांच साल का उसका भाई बाल–बाल बच गया ।मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहशीशा के मजरा बेलवा शुकुल का है ।ग्रामीणों के अनुसार,पिछले दिनों जेसीबी से सड़क बनाने के लिए गड्ढे की खुदाई की गई थी, खेतों में सिंचाई के वजह से पानी गड्ढे में भर गया था ।उसी गड्ढे के पास में गांव के दोनों बच्चे जिसमें शिवांशी (3) शिवम (5) पुत्र वीरेंद्र चौधरी शौच के लिए सुबह गए थे ।अचानक शिवांशी का पैर फिसल गया और वह गड्ढे में गिर गई ।गड्ढे में पानी ज्यादा होने से डूब कर उसकी मौत हो गई ।घरवालों को इस घटना नाााा के बारे में पता चला,तो कोहराम मच गया ।रोते बिलखते परिजनों ने मौक पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला ।ग्रामीणों में सड़क ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश देखाा जा रहा है।

## डीएम व सीडीओ ने युवक व महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

गोण्डा ।अत्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास भवन सभागार में विवेकानन्द यूथएवार्ड से पुरस्कृत वित्तीय वर्ष 2021–22 के विवेकानन्द यूथ युवक व महिला मंगल दलों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें डीएम डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि व सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में दलों को प्रशस्ति पत्र एवं स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने स्वामी विववेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंगल दलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अन्य मंगल दलों को भी इन दलों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होनें कहा कि खेल–कूद से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि योग और खेल एक दूसरे के पूरक हैं। खेलों से जहां एक ओर हमें स्वास्थ्य लाभ मिलता हैं वहां भविष्य की संभावनाएं भी पर्याप्त मात्रा में विद्यमान होती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिले मे ओपेन जिम खुलवाने के साथ ही स्पोर्ट्स के लिए आवश्यक सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने का पूरा प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## अन्तर्राज्यीय दो शातिर चोर गिरफ्तार, लगभग 05 लाख के सोने, चॉदी के जेवरात व मोटरसाईकिल बरामद

गोण्डा। हरियाणा के रिलांयस ट्रेडस मॉल के एक ज्वैलरी शॉप से सोने व चॉदी के जेवरात चोरी करके फरार धानेपुर क्षेत्र के रहने वाले राज कपूर बरूवार पुत्र शिव प्रसाद बरूवार व थाना मनकापुर क्षेत्र के रहने वाले राम भवन बरुवार पुत्र सरजू प्रसाद बरूवार के विरूद्ध थाना डी0एल0एफ0 जनपद गुरूग्राम (हरियाणा) में मु0अ0सं0– 77/22, धारा 380,457 भादवि का पंजीकृत मुकदमे के अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी गए माल की बरामदगी हेतु प्र0नि0 मनकापुर व प्रभारी एस0ओ0जी0 टीम ने थाना मनकापुर, एस0ओ0जी0 व हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा दोनो आरोपी अभियुक्त राज कपूर बरूवार व रामभवन बरूवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 05 लाख के चोरी गए सोने, चांदी के जेवरात एक चोरी की मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

## बाइक ने स्कूटी सवार व्रद्ध को मारी टक्कर घायल

गोण्डा ।नगर कोतवाली क्षेत्र के चुंगी नाका के पास एक बाइक सवार ने स्कूटी सवार व्रद्ध को टक्कर मार दिया जिस से गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के धिरजा पुरवा पूरे शिवबख्तावर गांव के निवासी 60 वर्षीय सूर्य प्रसाद तिवारी पुत्र माता प्रसाद तिवारी स्कूटी से बाजार आ रहे थे। सामने से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दिया जिस से घायल हो गए। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## किसान गोष्ठी में गेंहू खरीद की दी जानकारी

गोण्डा ।ग्राम पंचायत लव्वा टपरा में अथरिस्ट फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आए आईटीसी कम्पनी के नेशनल हेड निशान्त सिन्हा ने किसानों को गेंहू की खरीदारी और उर्वरक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों की आय दुगुनी करने के बारे में भी बताया। कम्पनी मैनेजर अंकुर सिंह ने किसानों को बताया कि फसलों की खरीद एप के माध्यम से होगी। उन्होंने कहा कि मार्श नाम से आईटीसी कम्पनी ने एप बनाया है। प्रबंधक कुलदीप मिश्रा ने किसानों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान परवेज खान, पवन राय, विनय त्रिपाठी, रामायण सिंह, संदीप तिवारी, शिव बहादुर,मनोज मिश्रा, विष्णु उपाध्याय, घनश्याम,सुशील मिश्रा, कृपा राम, रामानन्द शुक्ला सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# उसका में बच्चों ने रैली निकाल कर नामांकन के लिए किया जागरूक

अनंत मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग द्बारा गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय उसका बाजार में स्कूल चलो अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा नगर क्षेत्र में रैली निकालकर अभिभावकों को अपने पाल्यो का नामांकन करने के लिए जागरूक किया गया और वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक न्याय पंचायत से कक्षा पांच व आठ में सर्वोच्च अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद पिछले पांच वर्षों में आपरेशन कायाकल्प से स्कूलों की दशा बदली हैद्य। विद्यालयों में बड़ी संख्या में शिक्षकों की तैनाती हुई हैद्य। अभिभावक अपनी इच्छा के अनुसार गुणवत्तायुक्त यूनिफार्म ,जूते मोजे ,स्वेटर व बैग खरीद सकें इसके लिए सरकार ने उनकी खातों में सीधे धनराशि भेजा हैद्य। विधायक ने अभिभावकों का आह्वान किया कि प्राप्त धन से वे बच्चों की सामग्री खरीदकर नियमित रूप से विद्यालय भेजें। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार ने विद्यालयों के कायाकल्प के तहत अधूरे कार्यों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की मंशानुसार विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने व बच्चों के शतप्रतिशत नामांकन के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा। विधायक ने हरी झंडी दिखाकर स्कूली बच्चों की रैली को रवाना किया। रैली थाना रोड होते हुए बड़ी मस्जिद तक जाकर वापस हुई। इस दौरान बच्चों ने अपनी हाथों में हिंदू मुस्लिम सिक्ख ईसाई, आपस में मिलकर सब करें पढ़ाई जैसे स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लिए हुए थे। कार्यक्रम का संचालन कुन्जलता कुलश्रेष्ठ ने किया। कार्यक्रम में अरुणेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, शिवपाल सिंह, कृपाशंकर पांडेय, हरिशंकर सिंह, सुभाष जायसवाल, बालजीत कुमार, प्रदीप त्रिपाठी, आशुतोष उपाध्याय, शिवकांत दूबे, गुलाब चंद, संजय आनंद, प्रदीप जायसवाल, अभिषेक, अमित, एआरपी रामसेवक गुप्ता, राघवेंद्र, सुवाष, अजिजुर्रहमान, गुलाम जिलानी आदि मौजूद रहे।





# जनपद के पत्रकारों ने दिया राज्यपाल को ज्ञापन,पत्रकारों का उत्पीड़न बंद करें प्रशासन






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बलिया में पत्रकारों को जेल भेजने को लेकर जनपद में पत्रकारों में रोष की स्थिति बनी हुई है। जिसको लेकर शुक्रवार को जनपद मुख्यालय के सभी पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया। ज्ञापन में अपनी मांगों को रखते हुए पत्रकारों ने कहा कि बलिया में गिरफ्तार किए गए पत्रकारों को प्रशासन तुरंत रिहा करें ,साथ ही पत्रकारों के साथ जो दुर्व्यवहार किया जा रहा है उसे तुरंत रोके। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के सभी पत्रकार शामिल हुए जिसमें मुख्य रुप से इंद्रमणि पांडे, सुनील मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव ,अभिमन्यु चौधरी ,राजेश शर्मा राशिद फारूकी, सलमान आमिर, परमात्मा शुक्ला, सुशील मिश्रा ,आसिफ इकबाल, फिरोज, नीरज वरुण, जितेंद्र कुमार, परितोष मिश्रा ,प्रशांत सिंह, श्याम सुंदर त्रिपाठी, प्रदीप साहनी,सपाम, कैलाश त्रिवेदी ,अमित श्रीवास्तव, कृपा शंकर भट्ट आदि शामिल हुए।

# जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने बिखेरे जलवे




दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के प्रसिद्ध श्री समय माता भिरंडा देवी के स्थान पर बीती रात्रि भव्य एवं विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ प्रदेश व अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की उपस्थिति लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद जागरण कार्यक्रम की सुरुवात की गई। अंतरराष्ट्रीय कलाकार अनीस सोनी के साथ दिल्ली से आये डंका वादक सन्नी सिंह, मशहूर गायक सरदार बंटी, स्थानीय गायक पप्पू लख्खा, स्थानीय गायक गोविंद चौहान, लखनऊ से महिला मशहूर गायक वर्तिका तिवारी आदि के भक्तिमयी भजनों की प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। एक तरफ सरदार बंटी ने राष्ट्रवाद की हुंकार से लोगों

**● भिरंडा स्थान पर आयोजित जागरण कार्यक्रम में आये अंतरराष्ट्रीय कलाकार**
**● जागरण कार्यक्रम में भक्तिमयी भजन व झांकिया बनी आकर्षण का केंद्र**

को झकझोर दिया तो वहीं अंतरराष्ट्रीय कलाकार अनीस सोनी के फिल्मी तर्ज की धुन पर लोग भक्ति गीत व भजन गुनगुनाते नजर आए। इसके साथ ही जागरण कार्यक्रम में शामी एण्ड टीम की श्रीकृष्ण झांकी, शिव तांडव, शिव महिमा, रुद्राभिषेक, श्रीकृष्ण सुदामा सहित विभिन्न झांकियो के साथ डीजे संवाद के अभिनय लोग मंत्रमुग्ध होकर थिरक रहे थे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रिकार्डिंग के साथ उसका लाइव प्रसारण भी किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन गोपी रुंगटा, नीलू रुंगटा, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये श्रद्धालुओं का कार्यक्रम आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, दीपक कौशल, मेजर सिंह चौहान, सोनू, शिव कुमार अग्रवाल, विनोद पोद्दार, मनोज पोद्दार, राकेश वर्मा, संजय कसौधान, अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ कसौधान, जय प्रकाश पाण्डेय, भीम चंद्र सर्राफ, पवन कसौधन, टिंकू वर्मा, मीना बुबना, चारू रुंगटा, किरण पोद्दार, पार्वती पोद्दार, पूजा पोद्दार, बबली अग्रवाल, निधि वर्मा, प्रिती कसौधन, रवि अग्रवाल, अजय कसौधन, धर्मेन्द्र कुमार जायसवाल सहित हजारो की संख्या में श्रोता मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे के साथ उपनिरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी मय फोर्स मौजूद रहे।

# युवक ने लगाया आरोप डॉक्टर ने किया मेरा धर्म परिवर्तन



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कलेक्ट्रेट में उस समय अफरा–तफरी मच गई जब एक युवक ने जब जबरन एक डॉक्टर पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगा दिया। वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्य चकित रह गए, आरोप लगाने वाला युवक अपना नाम रामराज यादव निवासी इटवा बता रहा है उसने बताया कि वह जाति का यादव है वह इटावा के एक डॉक्टर के यहां झाड़ू पोछा का काम करता था जहां उसे जबरन धर्म परिवर्तन करा कर उसका आधार कार्ड चेंज करा दिया गया साथ ही उसका खतना भी कर दिया गया आरोप लगाने वाले युवक ने बताया कि आधार कार्ड में उसका नाम अकरम हुसैन कर दिया गया है तथा सन् 2019 से ही लगातार मस्जिद में उससे जबरन कलमा पढ़ाया जा रहा है युवक रामराज यादव ने बताया कि वह काफी परेशान है इसको लेकर जब वह इटवा पुलिस के पास गया तो पुलिस ने उसे भगा दिया। आरोप लगाने वाला युवक अपने साथ बदला हुआ आधार कार्ड और खुलेआम खतना किया गया अंग लोगों को दिखाकर धर्म परिवर्तन आधार बता रहा है उसने कहा कि उसके साथ न्याय नहीं हुआ तो वह कोई भी कदम उठा सकता है शुक्रवार को आरोप लगाने वाला युवक जिला कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को शिकायत करने आया था,आप को बता दे की 02 अप्रैल को ही मुख्यमंत्री द्बारा जनपद मे संचारी रोग अभियान की शुरूआत किया गया है।

# एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा 02 शोहदे धरे गये

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत शुक्रवार को जनपद के स्कूल–कॉलेज व भीड़–भाड़ वाले इलाके आदि स्थानों पर महिलाओं के साथ अभद्रता व अश्लील हरकत आदि करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज



दिनांक 07.04.2022 को प्रभारी एंटी रोमियोध्शक्ति मोबाइल महिला उ0नि0 पूनम मौर्या द्वारा एन्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सिद्धार्थ नगर, कपिलवस्तु में स्कूल–कॉलेजध्कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस–पास के मुख्य सड़को, चौराहों, पार्कों आदि में चेकिंग की गयी। इस दौरान 02 शोहदे पकडे गये। पकड़े गये शोहदो द्वारा माफी मांगने व भविष्य में पुनरावृत्ति ना करने के शपथ खाने के बाद चेतावनी देकर छोड़ा गया।

# गोल्हौरा मुस्तहकम में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरुकता की शुरूआत

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। बीआरसी बढ़नी क्षेत्र के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम में बृहस्पतिवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरुकता अभियान रैली निकाली गयी। रैली का शुभारंभ ग्रामप्रधान गोल्हौरा अश्विनी चौबे ने किया। नवीन छात्रों जो इस सप्ताह प्रवेश लिए है उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। रैली में बच्चों ने कहा आधी रोटी खायेंगे स्कूल पढने जायेंगे, मम्मी पापा हमें पढाओ स्कूल जाकर नाम लिखाओ, कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार, पढेंगे पढ़ायेंगे ,देश को उन्नति बनायेंगे आदि नारो से आम जनमानस मे शिक्षा के प्रति एवं संचारी रोग जागरुकता लाने का प्रयास किया। रैली के मौके पर ग्राम प्रधान अश्वनी चौबे ने कहा सभी ग्रामवासियों से अपील है कि बच्चों को स्कूल में भेजे और देश की प्रगति मे सहायक बने। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा०आशुतोष सिंह ने कहा स्कूल चलो अभियान के माध्यम से हमें अपने लक्ष्य, अपनी विशेषता को स्पष्ट करते हुए शिक्षा की महत्ता बताते हुए समाज के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है जिससे समाज और राष्ट्र प्रगति पथ पर अग्रसर हो। साथ ही साफ–सफाई आदि की महत्ता बताते हुए संचारी रोग के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान अश्वनी चौबे, प्रधानाध्यापक डा०आशुतोष सिंह, शिक्षक धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, बाबूलाल प्रसाद, अभिनव मिश्रा, किरन गुप्ता, विशाल पासवान, आशा, सावित्री, विमला,प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम मिलन आदि मौजूद रहे।




# यातायात पुलिस ने किया वाहनो का चलान, सीट बेल्ट,हेलमेट का प्रयोग करे

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों, फर्राटा भरने तथा बिना हेलमेट के वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात अखिलेश वर्मा के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात निरीक्षक राहुल सिंह यादव व टीएसआई अमरेश कुमार के साथ यातायात टीम ने शुक्रवार को वाहन चेंकिग अभियान के दौरान साड़ी तिराहा, बासी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, पर प्रेशर हार्न, सीट बेल्ट व तीन सवारी के विरूद्ध अभियान चलाकर 140 वाहनो को चेक किया गया, जिसमें से 18 वाहनों के विरूद्ध 22000–रू0 चालान व शमन की कार्यवाही की गयी व अन्य वाहन चालकोंध्आम जनमानस को सीट बेल्ट, प्रेशर हार्न न प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।




# सम्पादकीय

**लंबी कतारें अनाज और दूसरी जरूरी चीजों की खरीदारी के लिए भी लगानी पड़ रही है। इन हालात के लिए लोग सीधे तौर पर राष्ट्रपति राजपक्षे और उनके परिवार को दोषी ठहरा रहे हैं, तो उसकी ठोस वजह है। राजपक्षे के परिवार के करीब एक दर्जन लोग इस समय सरकार या सरकार से जुड़े विभागों में ऊंचे पदों पर बैठे हुए हैं। राष्ट्रपति गोटबया के ...**

## जब पेट पर मार पड़े



राजपक्षे परिवार की तरफ से लोकतंत्र के तमाम उल्लंघनों को देश की जनता माफ करती रही। वजह यह है कि तमिल विद्रोह को कुचलने का श्रेय महिंद राजपक्षे को दिया जाता है, जो उस समय राष्ट्रपति थे। बदले में राजपक्षे परिवार देश पर अपना शिकंजा कसता गया। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। श्रीलंका में जो हालात बने हैं, उसमें दूसरे देशों के लिए भी कई सबक छिपे हैं। गौर करने की बात यह है कि आर्थिक संकट ने वहां बहुचर्चित राजपक्षे परिवार का तिलिस्म तोड़ दिया है। इस परिवार की तरफ से लोकतंत्र और जन अधिकारों के तमाम उल्लंघनों को देश की जनता माफ करती रही। इसकी वजह यह है कि तमिल विद्रोह को कुचलने का श्रेय महिंद राजपक्षे को दिया जाता है, जो उस समय राष्ट्रपति थे। तब से उग्र राष्ट्रवाद की सियासत को हवा देते हुए राजपक्षे परिवार देश पर अपना शिकंजा कसता गया। लेकिन 2021 में हवा का रुख बदलने लगा। कारण 2020 में आई कोरोना महामारी के कारण गंभीर हुई आर्थिक हालत थी। 2022 आते–आते यह परिवार जन आक्रोश के निशाने पर आ गया। बीते गुरुवार को हालात काबू से बाहर हो गए, जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन की तरफ कूच कर दिया। उसके बाद इमरजेंसी लागू की गई। लेकिन श्रीलंका में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला ठहरा नहीं है। छिट–पुट रूप से देश के कई हिस्सों में जन प्रदर्शन जारी हैं। इस दौरान लोग अपना गुस्सा जता रहे हैं। मसलन, एक प्रदर्शनकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक टीवी चौनल से कहा– श्लोग बहुत गुस्से में हैं। वे चिल्ला रहे हैं। पिछले हफ्ते लोगों ने राष्ट्रपति गोटबया राजपक्षे से इस्तीफे की मांग की। उसके बाद से लोग उन्हें गालियां दे रहे हैं।य 1948 में आजाद होने के बाद श्रीलंका ने आज जैसे आर्थिक संकट का कभी सामना नहीं किया। ऐसा इसके पहले कभी नहीं हुआ कि बिजली ना रहने के कारण दुकानें बंद करनी पड़ी हों। या पेट्रोल पंपों पर लगी कतार को संभालने के लिए सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी हो। लंबी कतारें अनाज और दूसरी जरूरी चीजों की खरीदारी के लिए भी लगानी पड़ रही है। इन हालात के लिए लोग सीधे तौर पर राष्ट्रपति राजपक्षे और उनके परिवार को दोषी ठहरा रहे हैं, तो उसकी ठोस वजह है। राजपक्षे के परिवार के करीब एक दर्जन लोग इस समय सरकार या सरकार से जुड़े विभागों में ऊंचे पदों पर बैठे हुए हैं। राष्ट्रपति गोटबया के भाई महिंद राजपक्षे अभी प्रधानमंत्री हैं। उनके एक दूसरे भारी बासिल राजपक्षे वित्त मंत्री हैं। राष्ट्रपति के बेटे नमाल राजपक्षे इस समय संसदीय कार्य मंत्री हैं। स्वाभाविक है, लोग सरकार की ये सफाई सुनने को तैयार नहीं हो रहे है कि मौजूदा संकट के लिए राष्ट्रपति जिम्मेदार नहीं हैं।

## पाकिस्तानः गरीबी में आटा गीला

वेद प्रताप वैदिक

इमरान खान ने वही किया, जिसकी संभावना इस लेख में परसों व्यक्त की गई थी। उन्होंने विपक्षियों द्वारा लाया हुआ अविश्वास प्रस्ताव रद्द करवा दिया, राष्ट्रीय सभा (संसद) भंग करवा दी और चुनावों की घोषणा करवा दी। अब पाकिस्तान के चुनाव 90 दिन बाद होंगे, ऐसा मानकर चला जा सकता है। इमरान ठीक कहते थे कि उन्होंने बाजी हारी नहीं है। उनके पास एक तुरुप का पत्ता है। अब वह उन्होंने चल दिया है। उनके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिका दायर हो जाएंगी। लेकिन अदालत अब क्या कर सकती है? संसद के उपाध्यक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव को रद्द कर दिया और राष्ट्रपति ने संसद को भंग करके चुनाव की घोषणा कर दी है। ऐसे में यदि फौज उल्टा रास्ता पकड़ ले तो ही इमरान की गाड़ी उलट सकती है। पाकिस्तान की असली मालिक फौज ही है। फौज चाहे तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद, सरकार और न्यायपालिका सभी को भंग कर सकती है लेकिन फौज इतनी हिम्मत करेगी, इसमें मुझे संदेह है, क्योंकि सेनापति कमर बाजवा सर्वशक्तिशाली व्यक्ति होते हुए भी मर्यादित बर्ताव करते हैं। उन्होंने कल ही एक समारोह में कहा कि वे कश्मीर की समस्या का हल बातचीत से करना चाहते हैं। यदि भारत तैयार हो तो वे देरी नहीं करेंगे। इमरान के सवाल पर वे जो चाहते हैं, वह तो हो ही रहा है। अब इमरान कार्यवाहक प्रधानमंत्री भर रह गए हैं। कई मुद्दों पर फैसले लेने के अधिकार से वे वंचित हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के नौजवानों के नाम संदेश जारी करके कहा था कि वे लाखों की संख्या में इकत्र्ठे होकर संसद को घेर लें। विपक्षियों का आरोप है कि वे विरोधी दलों के सांसदों को संसद भवन में घुसने ही नहीं देना चाहते थे। लेकिन इमरान को अब संसद घेरने की जरुरत ही नहीं पड़ी है। उनके एक मंत्री का दावा है कि विपक्ष के लोग इमरान की हत्या करवाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पाकिस्तान की जनता अगले चुनाव में दल–बदलुओं और विपक्ष के अनैतिक गठबंधन को हराकर ही दम लेगी। इस तर्क में कुछ दम जरुर है लेकिन पाकिस्तान की जनता मंहगाई और महामारी के कारण इतनी परेशान रही है कि वह इमरान से ऊबने लगी है। इमरान की स्पष्टवादिता भी उन्हें मंहगी पड़ सकती है। एक बार मंहगाई के सवाल पर वे इतने चिढ़ गए थे कि उन्होंने कह दिया कि प्रधानमंत्री का काम टमाटर और गाजर के भाव तय करना नहीं है। उन्होंने भारतीय विदेश नीति की दो बार खुले–आम तारीफ करके मुसीबत मोल ले ली है। पाकिस्तान और भारत में नेतागीरी का जलवा चमकाने के लिए एक–दूसरे के खिलाफ लगातार गोलंदाजी करना बहुत जरुरी होता है। इमरान ने पिछले दो–तीन दिनों में अपनी फौज की तटस्थता का भी जिक्र किया है लेकिन फौज उनके साथ होती तो चुनाव की नौबत ही क्यों आती? पाकिस्तान की यह बदकिस्मती है कि उसकी राजनीति में कभी स्थिरता दिखाई नहीं पड़ती। आज की विषम परिस्थिति में खड़ा हुआ यह राजनीतिक संकट ऐसा है, जिसे श्गरीबी में आटा गीलाय होना कहा जाता है।

## मानवता के साथ क्रूर मजाक

**वैसे संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्षियों के विरोध पर आश्वासन देते हुए कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि कानून का कोई गलत इस्तेमाल ना हो। लेकिन उनके आश्वासन पर यकीन करने का अभी कोई पुख्ता आधार नहीं है। क्योंकि सदन से बाहर सरकार के नुमाइंदे ही कभी कपड़ों से पहचान करने तो कभी बुलडोजर की धमकी देते नजर आते हैं...**

दंड प्रक्रिया पहचान विधेयक 2022 या क्रिमिनल प्रोसिजर (शिनाख्त) विधेयक सोमवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। इससे पहले 28 मार्च को इसे भाजपा सरकार ने पेश किया था। विपक्ष शुरु से इस विधेयक पर अपनी आपत्ति जतला रहा है। लोकसभा में भी केवल वायएसआर कांग्रेस को छोड़कर समूचे विपक्ष ने इसका विरोध किया। मगर पिछले कई विधेयकों की तरह इस पर भी भाजपा ने अपने बहुमत का नाजायज जोर चलाया और लोकसभा से इसे पारित करा लिया। अब राज्यसभा में भी भाजपा की ताकत बढ़ चुकी है और इस बात की गुंजाइश कम ही है कि वहां इसके पारित होने की राह में कोई रोड़ा आएगा। दोनों सदनों से पारित होने के बाद जब दंड प्रक्रिया पहचान विधेयक राष्ट्रपति की मुहर के बाद कानून का रूप धारण कर लेगा, तब मोदी सरकार की ताकत कुछ और बढ़ जाएगी, जबकि जनता अपने अधिकारों की हनन से आशंकित रहेगी। दरअसल इस विधेयक में प्रावधान है कि पुलिस अपराधियों या संदिग्धों के उंगलियों के निशान और पैरों की छाप से लेकर पुतलियों और रेटिना के स्कैन, जैविक नमूने और शरीर के नाप समेत अन्य निजी जानकारियों को एकत्र कर सकेगी और इस डेटा को 75 साल कर संरक्षित रखा जाएगा। इससे भी खतरनाक बात ये है कि मौजूदा कानून के तहत पुलिस केवल आरोपियों, जमानत प्राप्त दोषियों और गंभीर अपराधों में सजायाफ्ता लोगों के ही आंकड़े जुटाती थी, लेकिन इस नए संशोधित विधेयक में उन तमाम लोगों की निजी जानकारियां पुलिस इकट्ठा कर सकेगी, जिन्हें किसी भी अपराध में सजा मिली है। ऐसे गिरफ्तार लोग जिन पर किसी भी कानून के तहत सजा के प्रावधान की धाराएं लगी हैं।

इसके साथ ही ऐसे लोग जिन पर सीआरपीसी की धारा 117 के तहत शांति बनाए रखने के लिए कार्रवाई की गई है, उन पर भी ये कानून लागू होगा। विधेयक के मुताबिक महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों को छोड़कर जिन मामलों में सात साल से कम की सजा है उनके आरोपी अपने जैविक नमूने देने से मना कर सकते हैं। विधेयक में कहा गया है कि मजिस्ट्रेट के लिखित आदेश को छोड़कर आरोपी के बिना ट्रायल के रिहा होने या दोष मुक्त होने पर उसका डेटा भी नष्ट किया जा सकता है। विधेयक के मुताबिक ये डेटा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के पास रखा जाएगा। एनसीआरबी ये रिकॉर्ड राज्य या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या किसी दूसरी कानूनी एजेंसी से इकत्र्ठा करेगी। एनसीआरबी के पास इस डेटा को संग्रहित करने उसे संरक्षित करने और उसे नष्ट करने की शक्ति होगी। ये विधेयक कानून का रूप लेता है तो ये कैदियों की पहचान अधिनियम, 1920 की जगह लेगा। सरकार का मानना है कि बीते 102 साल में अपराध की प्रकृति में भारी बदलाव आया है, इसलिए कानून में बदलाव जरूरी है। इस बदलाव से अपराधियों के शारीरिक मापदंड का रिकॉर्ड रखने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की इजाजत मिलेगी। पुलिस के पास सभी अपराधियों का हर तरह का डेटा मौजूद रहेगा। इससे जांच करने और सबूत इकत्र्ठा करने में आसानी होगी। अपराधियों के खिलाफ सख्ती बरतने की आड़ में उठाया गया यह कदम दरअसल नागरिक स्वतंत्रता पर आघात है।

इससे पहले भी आतंकवाद की रोकथाम, देश की सुरक्षा, या बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ कई सख्त कानून बने, मगर इनसे अपराध की दर कम नहीं हुई, न ही अपराधियों में किसी किस्म का डर कायम हुआ। पहचान के मकसद से अपराधियों और अन्य लोगों के शरीर का नाप लेने और उस रिकॉर्ड को संरक्षित रखने का विकल्प संविधान की धारा 14, 19 और 21 के विरुद्ध है, जिनमें मानवाधिकारों और नागरिक स्वतंत्रताओं के अधिकार दर्ज हैं। इसी तरह डेटा सुरक्षा को लेकर भी संदेह है, क्योंकि गलत हाथों में पड़ने से इसका दुरुपयोग होने की आशंका हमेशा बनी रहेगी। साइबर अपराध में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। जो आशंकाएं आधार कार्ड या आरोग्य सेतु ऐप को लेकर जानकार पहले व्यक्त कर चुके हैं, वही चिंताएं इस विधेयक के बारे में भी हैं, क्योंकि इसमें मात्र संदेह के आधार पर शारीरिक और अन्य निजी जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। सरकार का कहना है कि यह संदिग्धों और अपराधियों पर सख्ती के लिए है, लेकिन ये आशंकाएं भी उठ रही हैं कि सरकार इसका इस्तेमाल अपने राजनैतिक विरोधियों के दमन के लिए कर सकती है। मौजूदा शासन में सीएए और एनआरसी का विरोध करने वालों के साथ सरकार ने जिस तरह की सख्ती दिखाई, वह सबके सामने है। इसी तरह विपक्षी दलों के नेताओं, प्रशासनिक अफसरों, पत्रकारों या छात्रों को सरकार के विरोध की सजा भुगतनी पड़ी है, और यह सब देश की सुरक्षा के नाम पर हुआ है। इसलिए नया कानून आने से यह आशंका बलवती है कि निगरानी के नाम पर सत्ता अपने विरोधियों का दमन पुलिस के जरिए कर सकती है। वैसे संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्षियों के विरोध पर आश्वासन देते हुए कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि कानून का कोई गलत इस्तेमाल ना हो। लेकिन उनके आश्वासन पर यकीन करने का अभी कोई पुख्ता आधार नहीं है। क्योंकि सदन से बाहर सरकार के नुमाइंदे ही कभी कपड़ों से पहचान करने तो कभी बुलडोजर की धमकी देते नजर आते हैं। शिवसेना सांसद विनायक राउत ने इस विधेयक को श्मानवता के साथ क्रूर मजाकश बताया था। लोकतंत्र और नागरिक स्वतंत्रता पर यकीन रखने वाले उनकी इस बात से इत्तेफाक रखेंगे।

## भारत और श्रीलंका का फर्क

**जबकि सरकार एक साल में साढ़े चार लाख करोड़ रुपए सिर्फ पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क से कमा रही है और उसमें से आधा मुफ्त की वस्तुओं और सेवाओं पर बांट दे रही है। इसी तरह राज्य सरकारें पेट्रोल–डीजल पर वैट से दो लाख 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कमा रही हैं और उसमें से आधा मुफ्त की योजनाओं पर खर्च कर दे रही हैं। सरकारों के लिए इससे अच्छी बात क्या हो सकती है? ...**

अजीत द्विवेदी

भारत सरकार के कुछ सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक मीटिंग में इस बात पर चिंता जताई है कि राज्यों में सरकारों द्वारा मुफ्त बांटने की नीतियों से अर्थव्यवस्था की सेहत प्रभावित हो सकती है। सचिवों ने संभवतरू यह भी कहा कि इस तरह की योजनाएं राज्यों को श्रीलंका के रास्ते पर ले जा सकती है। पता नहीं सचिवों ने किस आधार पर ऐसी आशंका जताई और किस आधार पर देश के अर्थशास्त्री भी इन चिंताओं को स्वर दे रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि उन्होंने भारत और श्रीलंका के आर्थिक मॉडल का तुलनात्मक अध्ययन नहीं किया है। दोनों देशों की आर्थिक नीतियों का मॉडल एक–दूसरे से बिल्कुल भिन्न हैं। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब नहीं है। भारत की स्थिति भी बहुत खराब है लेकिन उन कारणों से कतई नहीं, जिन कारणों से श्रीलंका की खराब हुई है।

इसे समझने के लिए दोनों देशों की आर्थिक नीतियों के मॉडल के फर्क को समझने की जरूरत है। श्रीलंका का मॉडल पिछले 20 साल से रोजगार पैदा करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर आधारित था। उसका मॉडल लोगों को कर व शुल्क से राहत देने पर आधारित था। उसका मॉडल कृषि में बुनियादी बदलाव के विचार पर आधारित था। इसके उलट भारत का मॉडल न तो रोजगार के अवसर पैदा करने वाले बुनियादी ढांचे के विकास पर आधारित है और न भारत के नागरिकों को कर या शुल्क से राहत देने के मॉडल पर आधारित है। यह बात उन लोगों को समझ में नहीं आएगी, जो श्रीलंका की सारी समस्याओं के लिए चीन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। चीन की कर्ज देकर गुलाम बनानी की कूटनीति श्रीलंका के संकट का सिर्फ एक कारण है। बाकी कारण उसके अपने हैं।

असल में श्रीलंका में 2019 के आखिर में संसदीय चुनाव हुए थे, जिसमें राजपक्षे बंधुओं ने वादा किया था उनकी सरकार बनी तो वे कर और शुल्क में कटौती करेंगे। उस समय उन्होंने या किसी ने नहीं सोचा था कि कोरोना की जो आहट सुनाई दे रही है वह मार्च 2020 आते आते महामारी में बदलेगी। सो, उन्होंने नवंबर 2019 में सरकार बनने के बाद लोगों को कर से बड़ी राहत दी। सरकार ने कैपिटल गेन टैक्स, बैंक डेबिट टैक्स, विदहोल्डिंग टैक्स और यहां तक कि वैट में भी शुल्क घटा कर 15 से आठ फीसदी कर दिया। यानी टैक्स पर करीब 50 फीसदी की कटौती की गई। यह लोगों को बड़ी राहत देने वाली बात थी। लेकिन टैक्स छूट देने के तीन महीने बाद ही दुनिया कोरोना के दुष्चक्र में फंस गई। ध्यान रहे श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान है। उसकी जीडीपी में 12 से 14 फीसदी हिस्सा पर्यटन का है। उसकी 2.2 करोड़ की आबादी में करीब 50 लाख लोग प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पर्यटन से जुड़े हैं। कोरोना की वजह से पर्यटन पूरी तरह से ठप्प हो गया। इससे सरकार के साथ साथ एक बड़ी आबादी की आय का स्रोत बंद हो गया।

श्रीलंका की गोटबाया और महिंदा राजपक्षे सरकार की दूसरी गलती यह हुई कि उन्होंने खेती को रासायनिक खाद के इस्तेमाल से पूरी तरह मुक्त करने का फैसला किया। यह बड़ा दुस्साहसी फैसला था। सरकार ने खेती को पूरी तरह जैविक बनाने के लिए रासायनिक खाद के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी। इसका नतीजा यह हुआ कि पैदावार आधी हो गई। ध्यान रहे श्रीलंका खाने–पीने की चीजों, जैसे चावल, दालें, चीनी आदि के लिए आयात पर निर्भर है। पैदावार कम होने से उसकी निर्भरता आयात पर बढ़ती गई। एक तरफ टैक्स कटौती और पर्यटन सहित सारे उद्योग ठप्प होने से राजस्व कम हुआ और दूसरी ओर आयात का बिल बढने लगा। श्रीलंका पर पहले से कर्ज बहुत ज्यादा हो गया था, जो उसने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए चीन सहित कई दूसरे देशों से लिया था। इन सबका मिला–जुला नतीजा यह हुआ कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार नवंबर 2019 के साढ़े सात अरब डॉलर से घट कर 2.2 अरब डॉलर पर आ गया और महंगाई दर 17 फीसदी पहुंच गई।

अब इसके मुकाबले भारत का मॉडल देखें तो पता चलेगा कि भारत सरकार के सचिवों की आशंका कितनी गलत और निराधार है। यह सही है कि भारत में केंद्र सरकार और कई राज्यों की सरकारें कई चीजें मुफ्त बांट रही हैं। केंद्र सरकार दो साल से मुफ्त में अनाज और दाल बांट रही है, किसानों को हर महीने पांच सौ रुपए की श्सम्मान निधिय दे रही है, महिलाओं के खाते में नकद पैसे दिए जा रहे हैं और आवास व शौचालय के लिए भी पैसे दिए जा रहे हैं। इसी तरह की योजनाएं राज्यों में भी चल रही हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि जिन गरीब लोगों को मुफ्त में ये चीजें दी जा रही हैं उन्हीं से इसकी कीमत वसूली जा रही है। भारत में सरकारों ने कर की वसूली बढ़ा दी है और उसी का एक हिस्सा लोगों को मदद और राहत के नाम पर दे रहीं हैं। इसलिए कम से कम लोगों को मुफ्त वस्तुएं और सेवाएं बांटने से भारत की स्थिति श्रीलंका वाली नहीं होगी।

इस बात को आंकड़ों समझें तो तस्वीर ज्यादा साफ होगी। भारत में जैसे ही कोरोना का विस्फोट हुआ, भारत सरकार ने इसे आपदा में अवसर बनाते हुए पेट्रोलियम उत्पादों पर लगने वाले शुल्क में भारी भरकम बढ़ोतरी की। वैसे तो केंद्र की मौजूदा सरकार पहले से ही शुल्क बढ़ा रही थी लेकिन कोरोना के दौरान सबसे बड़ी बढ़ोतरी की गई। मई 2014 में एक लीटर पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.20 रुपए था, जो अभी 26.90 रुपए है यानी लगभग तीन गुना। इसी तरह डीजल पर जो शुल्क 3.46 रुपए था वह अब 21.80 रुपए है यानी छह गुना से ज्यादा। यह दर पिछले साल के अंत में उत्पाद शुल्क में दी गई छूट के बाद की है। उससे पहले पेट्रोल पर इससे पांच रुपए ज्यादा और डीजल पर 10 रुपए ज्यादा शुल्क था। सिर्फ पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क से भारत सरकार ने पिछले आठ वित्त वर्ष में साढ़े 26 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा वसूले हैं। सिर्फ पिछले वित्त वर्ष यानी 2020–21 में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क से चार लाख 55 हजार करोड़ से ज्यादा वसूले। इसी अवधि में राज्य सरकारों ने दो लाख 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा सिर्फ पेट्रोल और डीजल पर शुल्क से कमाए। जीएसटी, आबकारी शुल्क और प्रत्यक्ष कर की कमाई अलग है, वह लगभग 28 लाख करोड़ रुपए सालाना है।

जीएसटी और प्रत्यक्ष कर यानी आयकर को छोड़ें और सिर्फ पेट्रोल–डीजल पर उत्पाद शुल्क और वैट से केंद्र व राज्यों को होने वाली कमाई पर सोचें तो इसमें से भी सरकारें कितना बांट देंगी?



## अस्पताल में मिली खामियां, फार्मासिस्ट पर दर्ज होगा मुकदमा

देवरिया। भलुअनी विकास खंड के गड़ेर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर जिलाधिकारी ने फार्मासिस्ट पर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दे दिया। साथ ही क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. दिनेश कुमार चौरसिया से भी जवाब तलब किया। जिलाधिकारी सुबह साढ़े नौ बजे अस्पताल पहुंच गए। ओपीडी रजिस्टर की जांच किए। बहुत ही कम संख्या में मरीजों को देखने की पुष्टि हुई। साथ ही रिकार्ड भी अधूरे मिले। गड़ेर संवाददाता के अनुसार अधूरे कागजात मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। अस्पताल में बिजली और पानी की आपूर्ति छह माह से बाधित होने की बात सामने आई। अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार नजर आया। दुर्व्यवस्था की जवाबदेही तय करते हुए डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी से जवाब तलब किया है। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट राजीव पांडेय से दवाओं का स्टाक रजिस्टर जिलाधिकारी ने मांगा तो फार्मासिस्ट ने रजिस्टर दिखाने की बजाय घर पर रजिस्टर होने की बात कही। जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए बिना अनुमति के सरकारी अभिलेख घर ले जाने, निरीक्षण के दौरान अभिलेख प्रस्तुत न करने की बात कहते हुए फार्मासिस्ट पर मुकदमा दर्ज कराने तथा चार्जशीट देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित में नागरिकों को वैकल्पिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजना के माध्यम से आयुष को प्रोत्साहन दे रही है। यदि कोई चिकित्सक, अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के विरुद्ध कार्य करेगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की योग प्रशिक्षिका शाहीन फातिमा सहित विभिन्न लोग मौजूद थे।

## डीएम ने जांची मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता

देवरिया। भलुअनी विकास खंड के गड़ेर प्राथमिक विद्यालय का जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन सहित बच्चों को मिल रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। जिलाधिकारी को प्रधानाध्यापक बालेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि उनके यहां कुल 105 छात्रों का नामांकन है, 85 छात्र विद्यालय आए हैं। स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालय में 19 नामांकन हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने कक्षा एक की छात्रा दुर्गा से अंग्रेजी वर्णमाला पूछा, जिसे उसने सही–सही सुना दिया। इसी प्रकार कक्षा चार की छात्रा आरती से गणित के सवाल किए, जिसका उसने सही–सही उत्तर दिया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को शाबाशी दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन को देखा और गुणवत्ता भी जांच की। कहा कि मध्याह्न भोजन योजना सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसके क्रियान्वयन से बच्चों को पोषण प्राप्त होता है और अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित होते हैं। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, सहायक अध्यापक स्वाति तिवारी, वंदना प्रमुख रूप से मौजूद रही।

## विश्व की सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है भाजपाः रविंदर

देवरिया। सलेमपुर स्थित समता निवास पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। सांसद रविदर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। सात साल में मोदी सरकार ने देश में कई बड़े कदम उठाए। कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय, पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण, ध्वजारोहण व शोभायात्रा निकाल कर की गई। कार्यकर्ताओं ने टीवी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। इस अवसर पर संपूर्णानंद गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, कन्हैया लाल जायसवाल, रणधीर गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, अमरेश सिंह बबलू, बृजेश उपाध्याय, अशोक पांडेय, अजय दुबे वत्स आदि उपस्थित रहे। लार संवाददाता के अनुसार, नगर के धवरिया वार्ड में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पंडित प्रियेश नाथ त्रिपाठी, पुष्पा देवी, शिशिर राय, अश्वनी कुमार, सचिन शर्मा, यशवंत चौहान, अरुण चौहान, बलबीर सिंह दादा, आदि मौजूद रहे। भटनी संवाददाता के अनुसार, बभनौली कला स्थित पार्टी कार्यालय परिसर में पार्टी का झंडारोहण किया गया। शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर योगेश प्रजापति, कृष्णदेव मिश्र, शेषनाथ मिश्र, मोहनलाल गुप्त, अजीत सिंह, अमरनाथ पाल आदि मौजूद रहे। पड़री बाजार संवाददाता के अनुसार, बैकुंठपुर में पार्टी के स्थापना दिवस पर झंडारोहण किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय, भारत भूषण जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## एक्स-रे मशीन खरीद में अब रजिस्ट्रेशन का रोड़ा

महराजगंज। जिले की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक्स–रे मशीन उपलब्ध कराने की पहल फिलहाल परवान नहीं चढ़ पा रही है। इसके लिए पांच माह से कोशिश की जा रही है, लेकिन बदले नियम ने विभाग की मुश्किल बढ़ा दी है। नए प्रविधान के अनुसार अब अस्पताल और एक्स–रे टेक्निशियन का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य हो गया है। इसके बाद ही एक्स–रे मशीन की आपूर्ति हो सकेगी और इसकी सुविधा चालू होगी। जिले के सभी 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लैब टेक्निशियन तैनात हैं, लेकिन एक्स–रे की सुविधा नौतनवा, अड्डा बाजार, बनकटी और परतावल में ही थी। इस कारण वह इन केंद्रों से संबद्ध रहे और वेतन उठाते रहे। डीएम सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर दिसंबर में 2021 में धानी, बृजमनगंज और निचलौल में भी एक्स–रे मशीन उपलब्ध कराई गई। इसके साथ अन्य सीएचसी पर मशीन के लिए 10 लाख रुपये भी अवमुक्त किए, लेकिन धानी, बृजमनगंज और निचलौल की न तो मशीन चालू हो सकी और न ही मिठौरा, सिसवा, घुघली, लक्ष्मीपुर, रतनपुर, पनियरा के लिए मशीनों की खरीदारी हो सकी। मार्च के अंतिम सप्ताह में एक्स–रे मशीन खरीद के लिए टेंडर भी हो गया, लेकिन रजिस्ट्रेशन का रोड़ा अटकने से मशीन की सप्लाई नहीं हो सकी। ऐसे में रोगी सरकारी एक्सरे मशीन की सुविधा से वंचित हो रहे हैं, उन्हें बाहर प्राइवेट संचालकों के वहां जेब ढीली करनी पड़ रही है और शोषण का शिकार होना पड़ रहा है।

## श्रीराम कथा महायज्ञ की निकली कलश यात्रा

झुलनीपुर ।क्षेत्र के बैठवलिया गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाल श्रीराम कथा अमृत वर्षा के सात दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कन्याएं कलश के साथ शामिल रहीं। कलश यात्रा ढोल–नगाड़े के साथ यज्ञ स्थल दुर्गा मंदिर से शुरू होकर मिश्रौलिया, शितलापुर, बहुआर खुर्द, बहुआर कला होते हुए तेरह चार नहर पुल पर पहुंची। वहां मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा पुनरू यज्ञ स्थल लाकर स्थापित कर दिया गया। कलश यात्रा में भव्य रूप से सजाई गई झांकियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। महायज्ञ के आयोजक जितेंद्र पाल सिंह ने कहा कि महायज्ञ सात दिनों तक चलेगा। इस दौरान अयोध्या धाम से आए कथावाचक कृपाल महराज, वृंदावन से पंडित गौरव मिश्रा और लखनऊ से राजेश तिवारी तथा सीतापुर से आये प्रभा मानस किशोरी द्वारा कथा अमृत वर्षा किया जाएगा। शिवचरण वर्मा, उमाशंकर पाल, मोहनलाल गुप्ता, अम्बरीष तिवारी, गौरीशंकर, नंदकिशोर मोदनवाल, रामप्रीत शर्मा, विजय मद्धेशिया, बृजेश, दुर्गा चरन वर्मा, संजय मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

# आग से छह झोपड़ियां जलीं,100 एकड़ गेहूं की फसल राख

देवरिया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं में छह झोपड़ियां जल कर राख हो गई। जिसमें रखा सामान जल गया। इसके अलावा 100 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। एकौना संवाददाता के अनुसार एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़र में दोपहर कंबाइन मशीन से निकली चिगारी से किसानों की करीब सौ एकड़ गेहूं की फसल जलकर जल गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। फायर बिग्रेड घटना के करीब एक घंटे बाद पहुंचने के कारण किसान नाराज हो गए। सीओ जिलाजीत चौधरी ने घटनास्थल का जायजा लिया। दोपहर कोड़र में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई का काम चल रहा था। इसी दौरान आग पकड़ ली। देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग नीबा, धर्मपुर, बनकटी सहित अन्य गांव के किसानों की करीब सौ एकड़ गेहूं की फसल को लील लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए पंपसेट का प्रयोग कर किसी तरह आग पर काबू पाया।

किसान अपने सामने जलती फसल देख रोने लगे। नीबा की सुधा पासवान,फूलमति देवी, शिला पासवान,बताया कि घर में एक दाना भी नहीं गया है। क्षेत्र नीबा गांव के रामनाथ पासवान, मुंशी पासवान, दीनानाथ पासवान, रामलाल पासवान, फतेहबहादुर चानमति, अमरावती देवी धनु विश्वकर्मा संजय पासवान, कोडर के सुरेश नायक, बाबूराम, अवधेश नायक, चन्द्रिका, मुन्ना गौड़, रामबली राम साहब यादव, श्रीमती पत्नी साहब यादव, प्रभाकर, अशोक रामसमुझ फसल आग की भेंट चढ़ गई।

घटना की जानकारी मिलने पर रुद्रपुर के विधायक व पूर्व मंत्री जय प्रकाश निषाद व ब्लाक प्रमुख श्रीमती उषा पासवान व संगम धर द्विवेदी, राम संतोष शुक्ल, सुनील गुप्ता ने आग से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित किसानों को सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। निषाद ने कहा कि कंबाइन मशीन लेकर चलने वाले कम से कम 100 लीटर पानी का इंतजाम रखें। जिससे आकस्मिक स्थिति में आग पर काबू पाया जा सके। उप जिलाधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने बताया कि किसानों के फसल की नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राजस्वकर्मियों को अहेतुक सहायता मुहैया कराने के लिए सूची भेजने का निर्देश दिया गया है। शासन से अनुमन्य सहायता मुहैया कराई जाएगी। आग लगने से छह झोपड़ियां जलकर राख

भाटपाररानी थाना क्षेत्र के टीकमपार भदवार में खाना बनाते समय चूल्हे की चिगारी से लगी आग की घटना में छह झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। अशोक यादव, जय प्रकाश यादव,कमलावती देवी व आनंद कुशवाहा की झोपड़ी एक ही पास है। अशोक के यहां चूल्हे पर भोजन बन रहा था कि अचानक हवा के तेज झोंके से झोपड़ी में आग पकड़ लिया। इसके बाद एक–एक कर जयप्रकाश, कमलावती व आनंद की झोपड़ी को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया।

देखते ही देखते घर मे रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत नकदी जलकर खाक हो गया। जय प्रकाश की पत्नी सुभावती देवी का हाथ जल गया । ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घाटी बाजार संवाददाता के अनुसार भटनी थाना क्षेत्र के धर्मखोर बाबू टोला अमवा में सुबह बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई । देखते ही देखते आग उधो तिवारी , राम शकल तिवारी, सुदर्शन तिवारी, सुरेंद्र चौहान के गेहूं की खेत तक पहुंच गई। कुछ देर में ही फसल जलकर राख हो गई। गेहूं की फसल जलीः रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर में शार्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं की फसल जल गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। गांव के खजांची सिंह की गेहूं की फसल में दोपहर को विद्युत शार्ट सर्किट होने से आग लग गई।

आसपास के लोग पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का ब्यौरा बना तहसीलदार को सौंप दिया। खोरीबारी संवाददाता के अनुसार भटनी थाना क्षेत्र के धर्मखोर बाबू व तिवारी टोला के बीच शार्ट सर्किट से आग पकड़ लिया। जिससे राम सकल तिवारी, पुत्र रामनजर तिवारी ,अमित तिवारी ,संजय तिवारी पुत्र शिव शक्ल तिवारी, उदय तिवारी पुत्र रामायण तिवारी समेत अन्य की गेहूं की फसल जल कर स्वाहा हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका।

# एड्स रोगियों के लिए खुलेगा संपूर्ण सुरक्षा क्लीनिक

देवरिया। जिले में एड्स रोगियों के लिए खुशखबरी है। उनकी सुविधा के लिए अब जिला अस्पताल में संपूर्ण सुरक्षा क्लीनिक खुलने जा रहा है। उप्र एड्स कंट्रोल सोसाइटी के मानक को पूरा करने की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव बना कर शासन में भेज दिया गया है। इसे मंजूरी मिलते ही यहां एक माह के अंदर यहां कार्य शुरू हो जाएगा। इस क्लीनिक के खुलने से एक ही छत के नीचे एड्स मरीजों को जांच, इवा, इलाज व परामर्श की सभी सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिए उन्हें बेवजह परेशान नहीं होना पड़ेगा। ऐसे में जांच के लिए अलग, दवा इलाज व परामर्श के लिए अलग–अलग अस्पतालों में जांच के लिए जाना पड़ता है। इस क्लीनिक का खुलना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। लखनऊ से आई टीम कर चुकी है जांचः उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी की तरफ से लखनऊ से आए नीरज श्रीवास्तव ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक एड्स उपेन्द्र तिवारी के साथ मानक को परखा। इसके लिए सर्वे किया, जिसमें उन्होंने 100 एड्स रोगियों से बात की। उन्होंने दवा, जांच व इलाज की विसंगतियों के बारे अपनी राय रखी। ऐसे में जिले में बढ़ते एड्स रोगियों की संख्या व उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के मकसद से यहां संपूर्ण सुरक्षा क्लीनिक का खुलना तय हो गया है। सर्वे में जनपद पास हो गया है। जिले में बहुत जल्द एड्स रोगियों के लिए संपूर्ण सुरक्षा क्लीनिक खुलने जा रहा है। इसके लिए लखनऊ से आई टीम ने सर्वे कर लिया है। उसके लिए यह जनपद मानक को पूरा कर रहा है।

## जिले में नहीं मिला एक भी कोरोना संक्रमित, तीन हुए ठीक

महराजगंज। कोरोना को लेकर जिले के लिए राहत भरी खबर है। एक भी कोरोना संक्रमित नहीं मिला है। जबकि तीन संक्रमितों के ठीक होने की रिपोर्ट आई है। उधर कोरोना से बचाव के लिए 398 लोगों को टीका लगाया गया है और 869 लोगों की जांच कराई गई है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या जिले में 14860 हो गई है। इसमें 14713 संक्रमितों ने कोरोना को मात दे दी है। अब तक मृतकों की संख्या 146 हो गई है। सक्रिय रोगियों की संख्या एक है। उन्होंने बताया कि एंटीजन से 436 लोगों की जांच की गई है। आरटीपीसीआर जांच के लिए 433 लोगों का नमूना भेजा गया है।

## चेचक से बचाव के लिए 987 बंदियों को दी गई दवा

महराजगंज। जिला कारागार में चेचक से बचाव के लिए होम्योपैथ चिकित्सक डा.हेमंत श्रीवास्तव द्वारा .स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 987 बंदियों को दवा दी गई। होम्योपैथ चिकित्सक ने बताया कि मौसम में बदलाव से चेचक का संक्रमण तेजी से फैलता है, जिसके बचाव के लिए प्रत्येक वर्ष जिला कारागार में कैदियों को चेचक से बचाव की दवा दी जाती है। जेलर अरविद श्रीवास्तव ने बताया जिला कारागार में 987 बंदी है, जिनको समय–समय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। इसी क्रम में बंदियों को दवा दी गई है।

## आयुष आपके द्वार अभियान के तहत दवा वितरण

ठूठीबारी।आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ठूठीबारी के टोला कालीगंज में आयुष शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कुल 42 मरीजों को निरूशुल्क औषधीय वितरण किया गया। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही अमृत महोत्सव के तहत आयुष आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डा. सुप्रिया यादव ने बताया कि ज्यादातर मरीज जोड़ दर्द, खांसी व त्वचा संबंधी आए थे। जिसमें 11 पुरुष व 31 महिलाएं थी। इस दौरान फार्मासिस्ट श्रवण कुमार गुप्ता, कंपाउंडर शीतल प्रसाद मौजूद रहे।

# योगी सरकार में हो रहा चहुंमुखी विकासः सुरेंद्र

रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि छह अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ। आज देश की सबसे बड़ी पार्टी है। इसका सारा श्रेय निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। मोदी–योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। वह महुआपाटन चौराहा पर भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर झंडारोहण के बाद शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर नागेश पति त्रिपाठी, विश्वभर मिश्र, कृष्ण कुमार उपाध्याय, बृजेन्द्र कुशवाहा आदि ने संबोधित किया। बरहज संवाददाता के अनुसार, सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर अभयानंद तिवारी, कुश भगत, छत्रसाल, शंभू मद्धेशिया, विवेक गुप्त, अशोक सोनकर, छत्रसाल निषाद आदि मौजूद रहे। कपरवार संवाददाता के अनुसार, कपरवार तिराहे पर पार्टी का झंडा फहराया गया। इस मौके पर रामजोखन निषाद, शत्रुघ्न सिंह विशेन, जिला पंचायत सदस्य अखंड प्रताप सिंह मौजूद रहे। भाजपाइयों ने निकाली शोभायात्राः भाटपाररानी में भाजपा के स्थापना दिवस पर विधायक सभाकुंवर ने रेलवे परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके बाद भाजपाइयों ने झंडा के साथ शोभायात्रा निकाली। आवास पर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। उन्होंने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं। इस मौके पर डा.अरविद सहाय, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, सुशील शाही, विजय गुप्ता, डा. शम्स परवेज, संतोष पटेल, आनंद पियूष उपाध्याय, गौतम प्रसाद, नितिन श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह टुनटुन, धर्मेंद्र सिंह, चंदन मद्धेशिया, राजेंद्र जायसवाल, अमित शाही आदि मौजूद रहे। भठवा तिवारी में सुरेश तिवारी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

## दूसरे के अपराध की सजा काटने वालेपंजाब के बलबीर जेल से रिहा

देवरिया। दूसरे के अपराध की सजा भुगत रहे पंजाब के संगरूर जिले के मलेर कोटला निवासी बलबीर सिंह पुत्र नजर सिंह को देर शाम जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। एनडीपीएस एक्ट में वह 11 जून 2017 से कारागार में निरुद्ध थे। कुशीनगर जनपद की कसया पुलिस ने उनके पास से पांच किग्रा गांजा की बरामदगी दिखाते हुए गिरफ्तार किया था। जेल में बंद बलवीर के बारे में जानकारी नहीं मिलने पर घर वाले उन्हें मृत मान चुके थे। कुशीनगर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) मनमोहन की अदालत ने सोमवार को बलबीर को दोषमुक्त मानते हुए रिहाई का आदेश दिया था। रिहाई आदेश देर शाम पहुंचने के बाद उन्हें रिहा कर गया। कुशीनगर जनपद की कसया पुलिस को 2015 में गांधी चौक के पास लावारिस कार में पांच किग्रा गांजा मिला था।

कार पंजाब के कल्याण गुरुद्वारा निवासी किसी हरमेल सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह के नाम से थी। कसया पुलिस ने लगभग दो साल बाद जीप से बिहार जा रहे बलवीर सिंह को जांच के दौरान पकड़ा था। बलवीर ने पुलिस को बताया कि उनका नाम हरमेल सिंह नहीं है, फिर भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और देवरिया जेल भेज दिया। इस दौरान जिला कारागार में उनसे मिलने भी कोई नहीं आ सका। कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि उनका नाम बलवीर सिंह पुत्र नजर सिंह है। कोर्ट ने इसका संज्ञान लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर को निर्देश दिया कि विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ पंजाब में रहने वाले उनके स्वजन को सूचना दे। प्राधिकरण कुशीनगर के सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संगरूर को पत्र भेजकर बलवीर के घरवालों को अवगत कराने को कहा। बलवीर के पुत्र जसवंत सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर से संपर्क किया और बताया कि पिता के बारे में कोई जानकारी न मिलने पर मृत मान लिया गया था। वह बेगुनाह हैं। जिला कारागार देवरिया के डिप्टी जेलर केके दीक्षित ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर बलवीर सिंह को देर शाम रिहा कर दिया गया। वह हरमेल सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह की जगह सजा काट रहे थे।

# पात्र करें आवेदन, पाएं योजना का लाभः डीएम

महराजगंज। महराजगंज पहल कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से जिले के 12 विकास खंडों में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 3858 आवेदन आए, जिसमें 1316 का निस्तारण किया जा सका। बागापार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि प्रशासन आपके गांव तक आया है। अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं के लिए आवेदन करें और इसका लाभ प्राप्त करें। यदि किसी को कोई शिकायत है तो उसे भी बताएं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर डीएम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, राशन, सफाई व्यवस्था, पेंशन, मनरेगा जाब कार्ड आदि के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने स्थानीय कोटेदार द्वारा राशन में घटतौली, स्वीकृत यूनिट के सापेक्ष कम लोगों को राशन देने की बात बताई। जिस पर उन्होंने आपूर्ति निरीक्षक को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सफाईकर्मियों की कम संख्या होने की बात पर उन्होंने एडीओ पंचायत को अतिरिक्त सफाईकर्मी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधान को भी उचित मद से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। डीएम ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की सूची पंचायत भवन पर चस्पा किया जाए, ताकि लाभार्थी इसकी जानकारी प्राप्त कर सके। ग्रामीणों के आवास संबंधी मामला उठाने पर डीएम ने कहा कि अभी पुरानी सूची को संतृप्त करने के बाद नए आवेदकों को भी नियमानुसार आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नए आवेदनों को आनलाइन पंजीकृत करते हुए सूची शासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ–साथ अभिभावक भी सुनिश्चित करें कि कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे। मनरेगा जाब कार्ड के संदर्भ में रोजगार सेवक को कि सभी इच्छुक व्यक्तियों का जॉब कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। भिटौली संवाददाता के अनुसार भिटौली पंचायत भवन परिसर में पहल कार्यक्रम में एडीओ समाज कल्याण श्यामसुंदर तिवारी, एडीओ पंचायत राधेश्याम सिंह,एडीओएजी केदारनाथ द्विवेदी, ग्राम पंचायत अधिकारी अब्दुल्लाह आदि मौजूद रहे। निस्तारित किए गए आवेदनः जिले भर में आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड के 557 आवेदन आए इसमें 504 का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार राजस्व वाद के 120 में 39 का निस्तारण, पेंशन के 205 में 103 का, राशनकार्ड के 392 में से 122, मनरेगा जाबकार्ड के 30 में से 25, शौचालय के 564 में से 90, आवास के 1539 में से 177, किसान सम्मान निधि के 325 में से 171, तथा परिवार रजिस्टर के 126 में से 85 आवेदन निस्तारित किए गए हैं।

# जांच में अनुपस्थित मिले 12 शिक्षक

आनंदनगर। फरेंदा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के कुछ शिक्षक शिक्षण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। बीईओ के निरीक्षण में 12 शिक्षक विद्यालय से गायब मिले। जांच के दौरान 11 शिक्षक गायब मिले थे। खंड शिक्षा अधिकारी पिगल प्रसाद राणा ने प्राथमिक विद्यालय ड़ंडवार द्वितीय का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अजय कुमार त्रिपाठी व शिक्षा मित्र लीना वर्मा अनुपस्थित मिले। वहीं सहायक अध्यापक विपिन सिंह व अंजू सिंह बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में थे। विद्यालय में 96 बच्चों का नामांकन है, जिसमें मौके पर तीन बच्चे ही उपस्थित मिले। जांच के दौरान प्राथमिक विद्यालय डंडवार प्रथम बंद पाया गया। प्रधानाध्यापक गिरजाशंकर वर्मा, सहायक अध्यापक प्रियंका श्रीवास्तव, शिक्षा मित्र मनोरमा अनुपस्थित पाई गई। सहायक अध्यापक धनंजय सिंह बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में थे। कंपोजिट विद्यालय छितही बुजुर्ग में इंचार्ज प्रधानाध्यापक कैलाश नाथ मौर्य, सहायक अध्यापक संगीता मौर्य, मनोरमा मिश्रा, शिक्षामित्र प्रीति श्रीवास्तव, सुनीता मौर्या, अनुदेशक माया देवी विद्यालय से गायब थीं। जबकि सहायक अध्यापक यशवंत कुमार यादव उपस्थित व अंबिका यादव सीसीएल थीं। अनुदेशक नरेंद्र नाथ त्रिपाठी,सरनजीत कौर, सहायक अध्यापक आनंदपाल गौतम, अजय कुशवाहा, शिवांगी पांडेय बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में थे। प्राथमिक विद्यालय गोबरही,कंपोजिट विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय सिधवारी में कोई गड़बड़ी नहीं मिली। पिगल प्रसाद राणा ने कहा कि सभी अनुपस्थित शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। नोटिस का सही जवाब नहीं मिलने पर एक–एक दिन की वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानितः निचलौल। स्थानीय क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढाडीह कला में .अभिभावक सम्मान समारोह व विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मंच संचालन मनोज सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक विजय कुमार, बैजनाथ गुप्त, किरन मौर्य, ज्योत्स्ना पटेल, अभिजीत सिंह आदि मौजूद रहे। मिठौरा बाजार संवाददाता के अनुसार विकास खंड क्षेत्र मिठौरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदुआ में वार्षिकोत्सव व कक्षा आठ के छात्र–छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्र–छात्राओं को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान दिनेश कुमार मिश्र रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय कुमार, रजनीश पांडेय, नरसिंह गुप्ता, विजय कुमार, रमेश कुमार एवं समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# गठित एण्टी रोमियों टीम के साथ पुलिस लाइन में गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरुप महिलाओंध बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करने एवं उनमें सुरक्षाध आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति प्रचलित अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.04.2022 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियोंध्एण्टी रोमियों टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा के सम्बन्ध ा में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान बताया गया कि महिलाओं का सशक्तिकरण और स्वावलंबन शासन की प्राथमिकता है, मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में चेतना बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सहभागिता को बढ़ाना है। हम सबको मिलकर महिलाओं के सशक्तीकरण और उनमें जागरूकता के लिए प्रयास करना होगा, जो कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।



उन्होने सभी थानों से आयी महिला बीट पुलिस अधिकारीध एण्टी रोमियों दल को निर्देश दिये कि इस विशेष अभियान में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा, सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किए जाने हेतु महिला बीट पुलिस अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के स्कूलध कॉलेजोंध्गांवोंध्सार्वजनिक स्थलों व स्थापित मिशन शक्ति कक्ष में नियमित रुप से जाकर बालिकाओंध्महिलाओं से संवाद करें व शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरुक करें साथ ही साथ उनकी समस्याओं को सुने व उनका त्वरित निस्तारण कराये जाने का हरसम्भव प्रयास करें इसके अतिरिक्त अपने–अपने क्षेत्र की प्रभावशाली महिलाओंध आगनवाड़ी कार्यकर्ताध्एन.जी.ओ. आदि से लगातार समन्वय स्थापित कर महिलाओं को जागरुक करें साथ ही साथ अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न स्कूलध्कालेज में जाकर छात्रध्छात्राओं से वार्ता करें व उन्हें बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनी धाराओंध नियमों व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों तथा महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के सम्बंध में जानकारी देते हुए जागरुक करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, प्रतिसार निरीक्षक सोनभद्र धर्मेन्द्र सिंह, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ सीमा सिंह, महिला थाना प्रभारी संतू सरोज, जिला प्रोबेशन अधिकारी से सीमा द्विवेदी, साधना मिश्रा सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# बेजुबान पशु पक्षियों की मदद के लिये आगे आयें-सौरभ कान्त पति तिवारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। युवा सामाजिक संगठन युवा भारत एंव उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल के द्वारा सदर ब्लॉक के देवरी खुर्द गांव में पशु पक्षियों के लिए भोजन व पानी का प्रबंध किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए युवा भारत के राष्ट्रीय अध यक्ष एंव प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने कहा कि आज के भागदौड़ के जीवन मे हम अपनी ही जरूरतों की जद्दोजहद में परेशान है। उन्होंने कहा कि हमे थोड़ा समय बेजुबान पशु पक्षियों के लिये भी निकालना चाहिये, मार्च–अप्रैल में मई जून जैसी गर्मी से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है ऐसे मे बेजुबान पशु पक्षी भोजन और पानी की तलाश में दम तोड़ दे रहे है।



तिवारी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री ने अपने मन की बात में बेजुबान पशु पक्षियों की मदद को आगे आने की बात कही थी।इससे हमारे युवा साथी और हमारी टीम बहुत प्रभावित हुई और हम हर वर्ष गर्मी के मौसम में यह अभियान युद्ध स्तर पर चलाते है। युवक मंगल दल के संरक्षक चंद्रकांत एंव सदर ब्लॉक के सह–प्रभारी रमेश यादव ने कहा कि हम इस पुण्य के काम मे भागीदार बनकर खुद को गौरवशाली महसूस कर रहे है और अपने संगठन के मुखिया सौरभ कान्त पति तिवारी से लगातार प्रेरित हो रहे है। उनके द्वारा लगातार किये जा रहे रचनात्मक एंव मानवतापूर्ण कार्य से हम सब युवाओं को प्रेरणा मिलती है।उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि वो भी इन बेजुबान पशु पक्षियों की मदद के लिये आगे आयें और उनके लिए भोजन व पानी का इंतजाम करें। वहीं संगठन के अध्यक्ष सौरभ कान्त पति तिवारी ने बताया कि हमारा यह अभियान जारी रहेगा और नगर–नगर,गांव–गांव तक पहुंचकर हम दाने व पानी का प्रबंध करेंगे। उक्त अवसर पर नीरज तिवारी, अनिमेष तिवारी, बालेश्वर यादव, विजय पासवान, सजीवन भारती, रामधनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बलिया के उत्पीड़ित पत्रकारों के पक्ष में सोनभद्र के पत्रकार लामबंद

## घोरावल के पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। बलिया जनपद में बोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में फर्जी मुकदमे में जेल भेजे जाने वाले तीन वरिष्ठ पत्रकारों के उत्पीड़न का मामला जंगल में लगी आग की तरह पूरे पूर्वांचल में बढ़ता जा रहा है। पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में पत्रकार संगठनों की ओर से धरना प्रदर्शन कर संबंधित अध िाकारियों को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कर पत्रकार उत्पीड़न की घटना की निंदा की जा रही है। गुरुवार को जनपद के घोरावल तहसील के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कुमार



मानव, अमरेश चंद, विवेक कुमार पांडेय और सर्वेश कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त नेतृत्व में दर्जनों पत्रकारों ने ऐतिहासिक ध ारती बलिया के निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले उत्पीड़ित पत्रकारों के पक्ष में सड़क पर उतर कर नारेबाजी की और महामहिम राज्यपाल को संबोधि ात एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी घोरावल को सौंपा। ज्ञापन में मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन और पूर्वांचल प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों द्वारा मांग किया गया है कि बलिया के तीनों पत्रकारों पर प्रशासन द्वारा लगाए गए फर्जी मुकदमे को निरस्त कर उन्हें बिना देर किए जेल से रिहा किया जाए। इसके अतिरिक्त महामहिम से उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की प्रबल मांग की गई है। साथ ही यह भी अपेक्षा की गई है कि बलिया प्रशासन द्वारा किए गए पत्रकार उत्पीड़न की घटना की किसी सक्षम एजेंसी द्वारा त्वरित जांच करा कर दोषी पाए जाने पर अधिकारियों को दंडित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अनुराग पांडेय, आलोक पति तिवारी, रामानुज ध ार द्विवेदी, आशुतोष सिंह पटेल, रमेश सिंह कुशवाहा, रोहित कुमार त्रिपाठी, प्रियांशु कुमार, राजेंद्र कुमार पाठक, जय सिंह सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। गौरतलब हो कि इसके पूर्व दुद्धी, विंढमगंज, ओबरा, अनपरा आदि क्षेत्रों में भी प्रदर्शन कर पत्रकारों द्वारा बलिया के पत्रकारों की उत्पीड़न की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपें जा चुके हैं।

## गांधी आश्रम के नए संस्थान का हुआ उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। आदर्श नगर पंचायत गोला में गांधी आश्रम खादी संस्थान का उद्घाटन निदेशक खादी एवं ग्रामोद्योग मंडलीय कार्यालय गोरखपुर से पधारे यशपाल सिंह के द्वारा विधि विधान से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर सिंह ने कहा कि खादी



ग्रामोद्योग के कपड़े अच्छे और टिकाऊ होते हैं और सभी के लिए सुलभ और सस्ते भी होते हैं। ग्राहक देवता होते हैं जो अपने मनपसंद की कपड़ों का चुनाव कर उसका क्रय करते हैं। क्षेत्रीय गांधी आश्रम गोलघर गोरखपुर के मंत्री विशेषर नाथ तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गांधी आश्रम के इंचार्ज मनीराम पांडेय ने आए हुए गणमान्य लोगों का आभार प्रकट किया। गोला बड़हलगंज उरूवा सिकरीगंज खजनी कौड़ीराम जानीपुर आदि सभी केंद्रों पर खादी वस्त्र व ग्रामोद्योग के सभी सामान उपलब्ध है। इस अवसर पर अधिक संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गोवध अधिनियम मे अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.04.2022 को थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–13ध2022 धारा 3ध5एध8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त जमशेर अहमद पुत्र स्व0 हैदर अली निवासी ग्राम पड़रक्ष टोला, कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र को ग्राम देवटन के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।



# बारह से चौदह वर्ष के छात्र/छात्राओं का हुआ कोविड टीकाकरण

## बच्चे देश के भविष्य हैं, ये स्वस्थ रहें,हम सबकी जिम्मेदारी है– चेयरमैन एम एन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार/देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के एस बी टी पब्लिक







स्कूल विशुनपुरा,बखरा में वृहस्पतिवार को बारह से चौदह वर्ष के छात्रध्छात्राओं का गौरी बाजार सीएचसी प्रभारी डॉ बी एन गिरी की देखरेख में उनकी टीम द्वारा कोविड–19 टीकाकरण किया गया। जिसमें 146 छात्रध्छात्राओं को कोरोनारोधी टीका लगा। भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस अभियान में सी एच सी प्रभारी गौरी बाजार द्वारा नियुक्त डब्ल्यू एच ओ तथा यूनिसेफ के पर्यवेक्षक की देखरेख में टीकाकरण हुआ। टीम में सी एच ओ अर्जुन तिवारी, राजन शर्मा, इशिका उपाध्याय व कंचन शामिल रहे। विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि ये टीका आपके शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाकर इस महामारी से लड़ने में मदद करेगा। स्वस्थ शिक्षा के लिए स्वस्थ शरीर भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कोविड –19 के निर्देश का पालन करने के लिए भी कहा। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद ने बताया कि आज 146 छात्र–छात्राओं को टीका लग चुका है। शेष छात्र–छात्राओं को भी टीम द्वारा 08–04–2022 को टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण टीम के सहयोग में विद्यालय के शिक्षक दिवाकर पाण्डेय, अबू दानिश, अम्बरीश त्रिपाठी, सीमा राय, सौम्या, अम्बा, रणविजय, पीटीआई बबलू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में एक की हुई मौत, दो जिला अस्पताल रिफर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के देवरी गांव के समीप गुरुवार शाम 4 बजे के आस पास इनोवा मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर में तीन मोटसाइकिल सवार युवक गिर गम्भीर रूप से घायल हों गए। स्थानीय लोगो द्वारा तत्काल म्योरपुर थाने को सूचना दिया गया सूचना पर पहुचे प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी द्वारा तीनो घायलों को 108 एम्बुलेंस से म्योरपुर सीएचसी भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो



घायलों को जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया जब कि एक युवक की इलाज के दौरान सीएचसी में ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल प्रजा पति पुत्र गेना लाल (23,) सोनू पुत्र राम लखन गोंड़ (19) अजय कुमार पुत्र राम प्रसाद (25) डडीहरा गांव में अपनी बहन के घर गए थे। बहन के घर से वापस अपने गांव आ रहे थे कि रास्ते मे दुर्घटना का शिकार हो गए स्थानीय लोगो के अनुसार थाना क्षेत्र के देवरी गांव स्थित कठबनवा मोड़ से पहले तीनो मोटरसाइकिल सवार युवक ओवर टेक कर के जैसे ही आगे बढ़े सामने से आ रही इनोवा कार से आमने सामने बुरी तरह टक्कर हो गयी जिस कारण तीनो बाइक सवार सड़क पर गिर गए गिरते ही पीछे से आ रही ट्रक के भी चपेट में आ गए। म्योरपुर अधीक्षक डॉ राजीव रंजन ने बताया कि दो की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि अजय पुत्र राम प्रसाद गोड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दुर्घटना का कारण बनी इनोवा कार को पकड़ लिया गया है जबकि ट्रक मौके का फायदा उठा फरार हो गया।

# कैम्पस सलेक्शन में 458 छात्रों को मिला रोजगार के अवसर

## बस से किए गए रवाना खिल उठे छात्रों के चेहरे




दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला विकास खण्ड के भीटी स्थित सुभाष चंद्र बोस आई टी आई परिसर में सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा कैम्पस सलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमे 458 छात्र नियुक्ति पत्र पाते ही उनके चेहरे खिल उठे। इसके पश्चात निशुल्क बस सेवा द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात भेजा गया। बीते दिनों में सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा दो दिवसीय कैम्पस सलेक्शन का आयोजन किया गया था। जिसमे 776 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। जिसमे कम्पनी की ओर पहुंचे प्लेसमेंट इंचार्ज नरेंद्र सिंह, शिवम सिंह, आकाश राधव परीक्षको द्वारा लिखित व मौखिक परीक्षा लेकर फिटर व इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के कुल 458 छात्रों का चयन किया गया तथा चुने गए छात्रों को कंपनी तक ले जाने के लिए निशुल्क बस सेवा व भोजन नाश्ता आदि का व्यवस्था किया। बसों के जत्था को बड़हलगंज ब्लॉक प्रमुख आशीष राय, व संस्था के प्रबधक द्वारिका सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़हलगंज ब्लॉक प्रमुख आशीष राय ने कहा कि लॉक डाउन के वजह से जहा रोजगार पर संकट के बादल मडरा रहे हैं। ऐसे परिस्थिति में सैकड़ों नौजवानों को रोजगार मिलना बड़ी उपलब्धि है। मैं इनके मगलमय जीवन की कामना करता हु। संस्थान के अनुदेशक वेद प्रकाश शुक्ला, सोनू प्रसाद, आनंद मणि त्रिपाठी, प्रिंस पाण्डे, रमाकांत यादव, विजय मौर्य, मुकुंद मौर्य आदि उपास्थित रहे।

# प्रधान लिपिक शाखा का किया गया वार्षिक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक सोनभद्र



अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय के प्रधान लिपिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अभिलेखों की कमियों की पूर्ति करते हुये बेहतर रखरखाव एवं साफ–सफाई रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा कार्यालय में नियुक्त अधि0ध्कर्मचारीगणों को समय से कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सख्त हिदायत दी गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी कार्यालय रामआशीष यादव सहित शाखा प्रभारी व अन्य अधि0ध कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गांवों व चौराहों पर फैला झोलाछाप डाक्टरों का मकडजाल

## स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नहीं डाला जा रहा कोई छापा

साण्डा (सीतापुर)। साण्डा सीएचसी के तहत अधिकांश गांवों व चौराहों पर झोलाछाप डॉक्टरों का मकडजाल फैला हुआ है। न डिग्री है और ना ही प्रशिक्षण फिर भी बीमारी चाहे जो भी गारंटी के साथ इलाज इलाज का दावा करते हैं। ऐसे झोलाछाप डाक्टर हर गली व चौराहों पर मिल जायेंगे। इन पर कोई कार्यवाही न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। सकरन इलाके में अभी तक कोई भी डाक्टर के वहां स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई छापा तक नहीं डाला गया है। इस रवैय्ये को क्या कहें मैनेज पालिसी या कुछ और या कभी स्वास्थ्य विभाग की आंखों में पट्टी बंधी हुई है। गले में आला दुकान में हरे रंग का पर्दा मेज पर सफेद हरी लाल पीली गोली रखकर अपना क्लीनिक सजाये बैठे हैं। ऐसे डाक्टर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। क्षेत्र के गोडियनपुरवा, प्यारापुर, सुमरावां, सैदापुर, सकरन, कल्ली, उमराखुर्द, तारपारा, मुन्नूपुरवा, ऊंचगांव, उमराकला आदि जगहों पर ऐसे डाक्टर अपनी दुकानों को सजाये बैठे हैं।

मौसम बदलते ही क्षेत्र में बीमारियां बढ़ जाती है। पन्द्रह किलोमीटर दूर तक सही इलाज मिलने वाला हास्पिटल ना होने के कारण झोलाछापों की दुकानदारी अच्छी होती हैं। सकरन क्षेत्र में एक आध मेडिकल स्टोर छोड़कर अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर मरीजों के ड्रिप और इलाज करते हुए देखा जा सकता है। मेडिकल स्टोर के संचालक आगे मेडिकल स्टोर खोल रखे हैं और पीछे मरीजों की भर्तीकर उनका इलाज करते हैं कई झोलाछाप डॉक्टरों ने भी अपनी क्लीनिक खोल रखी है। सुमरावां चौराहे पर गैलेक्सी क्लीनिक युनिवर्सल क्लीनिक चलते हैं। लोगों की माने तो कुछ ना करें तो 35 से 40 मरीज रोजाना मिल जाते हैं।

गैलेक्सी क्लीनिक युनिवर्सल क्लीनिक के बारे में कुछ लोगों ने डॉक्टर की क्लीनिक के बारे में बताया कि जो भी बीमारी हो गारंटी से इलाज का दावा करते हैं। इनके वहां फोड़ा फुंसी दांत उखाडने बिच्छू काटने जैसी छोटी बड़ी बीमारियों का इलाज के साथ ऑपरेशन करने में भी नहीं चूकते। हाइड्रोसील, बवासीर, भगंदर आज बड़ी बीमारियों को ठीक करने का दावा गैलेक्सी क्लीनिक यूनिवर्सल डॉक्टर साहब की ओर से किया जाता है। लोगों ने बताया कि डॉक्टर साहब की फीस ज्यादा है। डॉक्टर क्षेत्र की जनता का इलाज के नाम पर शोषण कर रहे हैं। इनके पास सभी बीमारियों का इलाज गारंटी के साथ किया जाता है। ऐसे डॉक्टर जनता को मच्छर की तरह चूसते रहते हैं। गंभीर मरीज का भी उपचार करने से नहीं चूकते। फायदा ना होने पर अपने चाहने वालों के पास लखनऊ से एंबुलेंस बुलाकर रेफ र कर देते हैं। वहां से भी इनको अच्छा खासा कमीशन मिल जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात गैलेक्सी क्लीनिक युनिवर्सल के डाक्टर की इस बात पर आई की 26 जनवरी को बड़ी ही धूमधाम से तिरंगा फहराया गया था लेकिन आज तक डाक्टर साहब की नजर इस तिरंगा को उतारने में नहीं पड़ी। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में रोष ब्यप्त है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि तिरंगा का अपमान सहन नहीं होगा।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना सप्ताह के तहत 1039 गर्भवती का हुआ पंजीकरण

## 21 से 31 मार्च तक आयोजित हुआ सप्ताह

सीतापुर। पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीती 21 मार्च से 31 मार्च के मध्य प्रधानमंत्री मातृ वंदना सप्ताह का संचालन किया गया। इस दौरान 1039 गर्भवती का पंजीकरण किया गया। एसीएमओ व योजना के नोडल अधिकारी डा. कमलेश चंद्रा ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्यम छूटी हुई लाभाथियों को योजना का लाभ दिलाना है। यह अभियान सभी चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया गया। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों ने घर.घर जाकर योजना के पात्र लाभार्थियों का चिन्हीकरण कर उनके आवेदन भरवा कर आवेदन को पोर्टल पर भी अपलोड कराया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब तक जिले में 1,25,203 गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाना था। इसके सापेक्ष 1,22,529 गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रशन किया जा चुका है जो कि जिले का 97.46 प्रतिशत है। योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बरीश दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार मां बनने पर लाभार्थी को तीन किस्तों में पोषक आहार के लिए भुगतान किया जाता है। गर्भावस्था के दौरान इस योजना से मिलने वाली धनराशि से महिलाएं पोषक आहार का सेवन करती हैं जिससे उनकी सेहत अच्छी रहती है और स्वस्थ बच्चे को जन्म देती है। उन्होंने बताया कि पहली किस्त 1000 रुपये की तब दी जाती है जब गर्भवती महिला अंतिम मासिक चक्र के 150 दिनों के अंदर अगर पंजीकरण कराती है। दूसरी किस्त में 2000 रुपये गर्भवती महिला को गर्भावस्था के छह माह पूरा होने के बाद कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच कराने पर दी जाती है। तीसरी और अंतिम किस्त में 2000 रुपये बच्चे के जन्म पंजीकरण के उपरांत एवं प्रथम चक्र का टीकाकरण पूर्ण होने के बाद प्रदान की जाती है। इन्हें मिला योजना का लाभ . ..: शहर की निवासी अंजना सचान 8765731439 और सपना मौर्या 8562943832 का कहना है कि उन्हें योजना की तीनों किस्तों का भुगतान हो चुका है। इस धनराशि से मैंने अपने भोजन को और भी पौष्टिक बनाया है। इन लोगों ने यह भी बताया कि इस योजना की जानकारी उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से हुई। जिसके बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय में संपर्क कर योजना को समझा और अपना पंजीकरण कराया।

## पुण्यतिथि याद किए पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. प्रकाश नाथ मेहरोत्रा

सीतापुर। वरिष्ठ पत्रकार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, समाजसेवी व राजनीतिज्ञ प्रकाशनाथ मेहरोत्रा की पुण्यतिथि पर शहर के विजय लक्ष्मी नगर मोहल्लें में मीडिया प्रभारी पवन सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सहित भाजपा के कई अन्य नेता मौजूद रहे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा स्व. प्रकाश नाथ मेहरोत्रा राजनीति ही नहीं बल्कि पत्रकारिता समाजिकता क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए थे। स्व. मेहरोत्रा के नेतृत्व में पूरे जिले में ही बल्कि कई अन्य जिलों में भी भाजपा शिखर पर पहुंची थी। समाज के प्रति किए गए उनके कार्य आज भी लोगों के चर्चा में बने रहते है। इस मौके पर राहुल श्रीवास्तव, प्रणीत सिंह, अनूप विश्वकर्मा, उत्तम, सत्यम सिंह आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गरीबों में बांटी फली व मिठाई

सीतापुर। वरिष्ठ पत्रकार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, समाजसेवी व राजनीतिज्ञ प्रकाशनाथ मेहरोत्रा की पुण्यतिथि पर शनिवार को याद किया गया। उनकी याद में भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने गरीबों को फल व मिठाईयां बांटी। उनके साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा कुष्ट आश्रम पहुंचे। यहां पर कुष्ट रोगियों व उनके परिवार को फल व मिठाईयां बांटी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने प्रकाशनाथ मेहरोत्रा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में भाजपा में अपना योगदान दिया। वहीं भाजपा को मजबूत भी करते रहे। आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलने का अवसर हमको प्राप्त हुआ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज वह नहीं हैं, लेकिन हम सभी के हृदय में हमेशा बसे रहेंगे। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने अन्य स्थानों पर जाकर भी फल व मिठाईयां बांटी। इस मौके पर अजय मिश्रा, नीरज वर्मा, उत्तम पांडेय, सोनू सिंह, सचिन सिंह अनूप विश्वकर्मा अनूप आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के 42 वाँ स्थापना दिवस पर सौरभ मिश्र के नेतृत्व में नगर में निकली पैदल यात्रा

हरदोई।भारतीय जनता पार्टी का ४२वां स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज के नेतृत्व में नगर में पैदल यात्रा निकली। सुबह ६ बजे पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओ के बीच झंडारोहण किया गया।

पैदल मार्च जिला कार्यालय से लखनऊ रोड होते हुए सिनेमा चौराहे से वापस कार्यालय पर समाप्त हुआ। कार्यकर्ताओ में पार्टी की विधानसभा में जीत का जोश दिखाई दे रहा था। भारत माता,पंडित दीन दयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अटल बिहारी वाजपेई,मुरली मनोहर जोशी,लाल कृष्ण आडवाणी के नारे जोर शोर से कार्यकर्ताओ ने लगाए। साथ ही जिला कार्यालय पर भाजपा के लिए माइक्रो डोनेशन अभियान की शुरुआत जिला अध्यक्ष ने ऑनलाइन पार्टी फंड में दान करके की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी को पांच रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक का दान ऑनलाइन किया जा सकता है। सभी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि बूथ तक के कार्यकर्ताओं बीच जाकर स्वेच्छा से ऑनलाइन डोनेशन ले।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के पुरोधा प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और आज भारत में लगभग हर जगह कमल खिल रहा है। किसी ने नहीं सोचा था कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनेगी, पार्टी ने हरदोई में एक रिकॉर्ड कायम कर दिया जो कि इतिहास में हमेशा एक लिए दर्ज हो गया। दो लोकसभा, ८ विधानसभा, २ एमएलसी, नगर पालिका,जिला पंचायत ब्लाक प्रमुख आदि ऊपर से लेकर नीचे तक सब भाजपा मय होगया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा जिस ऊंचाइयों को छू रही है उसमे कार्यकर्ताओ का खून पसीना और जनता का विश्वास और स्नेह शामिल है। विपरीत परिस्थितियों में बिना डरे बिना झुके भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए २ सदस्यों से शुरुआत की थी, जो आज देश की सबसे बड़ी पार्टी और केंद्र में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाकर गरीबों और पिछड़ों के सम्मान और विकास में तन मन से लगी हुई है। देश भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई भतीजावाद और गरीबी हटाओ के दिखावटी नारों अजीज आ चुका था, बाते तो बहुत होती थी पर इच्छाशक्ति किसी में नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों के आशिर्वाद और युवाओं का साथ लेकर पक्के इरादों के साथ मायूसी भरे माहौल को बदलने का साहस किया। आज इसका परिणाम पूरे भारतवर्ष में देखने को मिला रहा है।

स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिसे सभी कार्यकर्ताओं द्वारा एल ई डी के माध्यम से सुना गया।

इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र, विद्याराम वर्मा, राम बहादुर सिंह, नगर पालिका चेयरमैन सुख सागर मिश्र मधुर, पूर्व चेयरमैन उमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, कर्मवीर सिंह, एस पी मौर्या, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनोद राठौर, जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, अनुराग मिश्र, ओम वर्मा,क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र पी के वर्मा, जिला मंत्री अविनाश पांडे, अजय शुक्ला, मंगतराम, जय देवी राजपूत, मीना वर्मा,नीतू चंद्रा, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह, सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया, सुनील शुक्ला, नवनीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, युमो अध्यक्ष आकाश सिंह, ममो अध्यक्ष अलका गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अनिल राजपूत, किमो अध्यक्ष विश्व राज सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सरताज खान उपस्थित रहे।

## नगर में हटाया गया अतिक्रमण

सिधौली (सीतापुर)। नगर पंचायत द्वारा प्रशासन की मौजदूगी में नगर में अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी पंकज प्रकाश राठौर, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सर्वेश शुक्ल के सीओ यादवेंद्र कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी के साथ निकले और नगर पंचायत सिधौली की तहसील रोड, महमूदाबाद चौराहा एवं बिसवां चौराहा के अतिक्रमण को हटवाया। इस अवसर पर अवैध अतिक्रमणकारियों, व्यापारियों उनदुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क एवं नाले पर अतिक्रमण ना करें। अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस बल व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# आईटीएन मच्छरदानी का उपयोग करें-मच्छरजनित बीमारियों से बचें

## हर घर को कीटनाशकों से कवर करना पर्यावरण व आर्थिक दृष्टि से उचित नहीं: डॉ. बाजपेयी

हरदोई।मौसम के बदलते ही मच्छरजनित बीमारियां जैसे डेंगू,मलेरिया, चिकनगुनिया पाँव पसारने लगती हैं।इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा साल में तीन बार संचारी रोग नियंत्रण माह मनाया जाता है और इस दौरान लोगों को इन बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया जाता है।इसके साथ ही समय – समय पर रोग के प्रसार की स्थिति में कीटनाशकों का छिड़काव व अन्य जरूरी उपाय भी किये जाते हैं।अब संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में इन्टीग्रेड ट्रीटेड मॉसक्यूटो बेड नेट (आईटीएन) उपयोग के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही इसके उपयोग पर भी जोर दिया जा रहा है।यह कहना है लखनऊ मण्डल के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर निदेशक डा. जीएस बाजपेयी का । अपर निदेशक का कहना है कि हर घर को कीटनाशकों के माध्यम से आच्छादित(कवर) किया जाना न तो पर्यावरण की दृष्टि से उचित है और न ही आर्थिक रूप से । इससे मनुष्य के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है। सतत विकास के लिए यह आवश्यक है कि हम उन चीजों के उपयोग पर जोर दें,जिससे हमारा और हमारी आने वाली पीढ़ियों का स्वास्थ्य बेहतर बन सके।विश्व स्वास्थ्य दिवस (सातअप्रैल) एक ऐसा उपयुक्त अवसर है कि लोगों को हम इस बारे में भलीभांति अवगत कराएं । मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डा. शैलेश परिहार बताते हैं कि आईटीएन के प्रयोग से जहां लागत कम आती है वहीं यह मनुष्य, जीव जंतुओं के क्रम में पर्यावरण के लिए उपयुक्त है। मंडलीय एंटेमोलॉजिस्ट डा. मानवेंद्र त्रिपाठी बताते हैं कि आईटीएन का सबसे पहले उपयोग असम में मलेरिया से बचाव के लिये किया गया था।इससे मलेरिया को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफलता मिली।इसी क्रम में उड़ीसा के खदान वाले क्षेत्रों में भी आईटीएन के प्रयोग से मलेरिया के नियंत्रण में आशातीत सफलता मिली है। लखीमपुर खीरी के दुधवा तराई क्षेत्र के थारु जनजातियों के 34 गांवों में इसके उपयोग से मलेरिया सहित अन्य वेक्टर बार्न रोगों पर भी काबू पाया गया। डा. मानवेंद्र बताते हैं कि 15 मिली कीटनाशक को चार लीटर पानी में डालकर घोल तैयार करते हैं और उसमें सिंगल बेड मच्छरदानी को 10 मिनट भिगोकर बिना निचोड़े हुए छायादार जगह पर सुखा लेते हैं। अच्छे से सूखने के बाद आईटीएन मच्छरदानी को प्रतिदिन सोते समय इसका उपयोग करें ,यदि डबल बेड के लिए मच्छरदानी है तो कीटनाशक और पानी की मात्रा दुगुनी हो जाएगी। आईटीएन की इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है।शरीर का कोई भी अंग कीटनाशक के संपर्क में नहीं आना चाहिए द्य इसलिए पर्सनल प्रोटेक्शन किट (पीपीई) पहनकर के ही आईटीएन की प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है।आईटीएन ट्रीटमेंट के बाद, मच्छरदानी को छायादार स्थान पर सुखाने के बाद छह माह तक इसे लगातार उपयोग में लाया जा सकता है।इसे छह माह तक धोना नहीं हैं और न ही इसे तेज धूप में सुखाना चाहिये क्योंकि कीटनाशक प्रभावी नहीं रह पाएगा। इस प्रकार से आईटीएन मच्छरदानी का उपयोग करने से जहां हम मच्छरों से बचे रहते हैं वहीं हमारा स्वास्थ्य और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

## हाईटेंशन की चिंगारी से लगी आग

सिधौली (सीतापुर)। क्षेत्र के अलमापुर में ग्यारह हजार लाइन की चिंगारी से गेहूं में आग लग गई। तीन बीघा खेत में खड़ी गेहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। बताते चलें कि पप्पू रावत व राकेश निवासी अलमापुर में गेहूं के बिजली की चिंगारी से भयंकर आग लग गई। जिसमें दोनों किसानों का करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों आनन.फानन पास में लगे पंपिंग सेट चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीडिघ्त किसानों ने बताया कि खेत के ऊपर निकली बिजली से आग लग गई है। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई है। करीब तीन बीघा गेहूं की फसल नुकसान हुआ है।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

नैमिषारण्य (सीतापुर)। स्थानीय थाने के उपनिरीक्षक अतुल कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल अभय सैनी, हेड कांस्टेबल राजेंद्र पांडे, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल अजय वर्मा, कांस्टेबल सौरभ कुमार ने 40 लीटर अवैध शराब के साथ सैदापुर थाना संदना निवासी बालक राम पुत्र रामस्वरूप व नन्हक्के पुत्र लेखई निवासी चित्तेरीपुरवा थाना नैमिषारण्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों अभियुक्तों पर विधिक कार्रवाई की गई है।

# खेत में मिला अज्ञात युवक का शव, क्षेत्र में मच गया हड़कंप

हरदोई।थाना क्षेत्र के ज्योतिपुरवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर खेत में एक अज्ञात युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा पाया गया। जब ग्रामीण खेतो पर काम करने के लिए पहुंचकर शव पड़ा देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थाना क्षेत्र के ज्योतिपुरवा गांव निवासी नजारे के कटे गेहूं के खेत में एक अज्ञात युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में सुबह शव पड़ा पाया गया। जब गांव के ग्रामीण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई करने के लिए जा रहे थ।तो उन्हे शव की बंदबू लगी तो पास जाकर देखा तो युवक का शव पड़ा पाया।घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों को लगी।तो ग्रामीण एकत्र होने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि मृतक युवक मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। मृतक का रंग सांवला व दाढ़ी बढ़ी हुई।वह शर्ट पहने था। जबकि उसका अंडरवियर बाहर निकला पड़ा था। शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

## योजनाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार के दिये निर्देश

सीतापुर। शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सुबह जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।

उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, हड्डी रोग विभाग, वाह्य रोगी एवं प्लास्टर कक्ष, स्मार्ट कार्ड कक्ष आदि वार्डों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत संचालित सेवाओं एवं गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की स्थिति की समीक्षा भी की।

उन्होंने इमरजेंसी वार्ड एवं अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों से वार्ता कर मिल रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के लिये आवश्यक दवाओं एवं सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आदि के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्रदर्शित की जायें। गोल्डेन कार्ड बनाये जाने का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कराया जाये।

उन्होंने चिकित्सालय परिसर में मरीजों एवं उनके साथ आने वाले लोगों के लिये आवश्यक सुविधाओं की उलपब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि भर्ती सभी मरीजों को नियमित रूप से परीक्षण करते रहें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917 , 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# क्या आप भी अपने गार्डन में उगाना चाहते हैं गुलाब, इन बातों का ध्यान रख लगाए पौधा

कई लोगों को गार्डनिंग करने का शौक होता हैं और वे अपने घर के बगीचे या छत पर पौधे लगाकर अपनी चाहत को पूरा करते हैं। सभी चाहते हैं कि अपने घर की बगिया में गुलाब का पौधा लगाया जाए जो खुशबु देने के साथ ही सभी का मन मोह लेते हैं। लेकिन कई लोग होते हैं जिन्हें इसके बारे में पता ही नहीं होता हैं कि कैसे इसे उगाया जाए और उगाने के बाद कैसे इसका ख्याल रखा जाए। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जिनकी मदद से आपको गुलाब का पौधा लगाने में किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होगी और आपका घर गुलाब की खूबसूरती और सुगंध से महकेगा। तो आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

पौधों का चुनावः बीज से पौधे लगाने की प्रक्रिया काफी जटिल होती है। अगर आप बागवानी में नए हैं तो आपके लिए किसी भी स्थानीय नर्सरी से, गमले में पहले से लगे हुए पौधे खरीदना बेहतर होगा। क्योंकि, इन्हें आसानी से लगाया जा सकता है और यह जल्द ही बढ़ भी जाते हैं। दूसरा तरीका है, बेयर रूट पौधे लगाना। बेयर रूट पौधों की खासियत है कि इसमें आपको गुलाब की ज्यादा किस्में मिलती हैं। साथ ही, ये किफायती होते हैं और इन्हें ऑनलाइन भी ऑर्डर किया जा सकता है। इनकी जड़ों को रोपने से पहले, रात भर पानी में भिगोना पड़ता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि इन्हें रोपने के बाद पहले कुछ महीनों के लिए जड़े नम हो। इसके अलावा, आप गुलाब की कलम से भी पौधा लगा सकते हैं। इसमें, एक या उससे ज्यादा साल पुराने गुलाब के फूलों की कलमों का इस्तेमाल किया जाता है।

किस तरह का रोज प्लांट है आपके पास?: सबसे पहले ये ध्यान दें कि आप किस तरह का प्लांट लाए हैं। इंगलिश रोज या फिर देसी रोज प्लांट। देसी गुलाब में महक बहुत अच्छी होती है, लेकिन उसमें बहुत वेराइटी नहीं होती है वो गुलाबी, सफेद, लाल रंगों में तो होता है, लेकिन साइज में काफी छोटा होता है। इंग्लिश रोज प्लांट्स कई तरह के होते हैं। कई रंग, शेप, साइज में मिलेंगे, लेकिन इनमें महक नहीं होती है। अगर आपका देसी प्लांट है तो बहुत ज्यादा केयर के बिना भी वो खिलेगा, लेकिन इंग्लिश रोज की केयर करने की थोड़ी टिप्स आपको पता होनी चाहिए।



सही जगह चुनें: गुलाब के पौधे लगाने से पहले मिट्टी का ध्यान जरुर रखें। मिट्टी उपजाऊ होनी चाहिए। अगर आप पौधे गमले में लगा रहे हैं, तो इन्हें लगाने से पहले मिट्टी में जैविक खाद मिला लें। ध्यान रहे कि गमले में पौधे लगाते समय, उसमें दो–तीन छेद जरुर करें। इससे पानी गमले में नहीं रुकेगा और आपके पौधे सड़ेंगे नहीं। अगर आपके पास ज्यादा जगह है और आप गुलाब के पौधे जमीन में लगा रहे हैं तो दो पौधों के बीच पर्याप्त दूरी जरुर रखें। सुंदर और स्वस्थ फूल के लिए गुलाब के पौधों को रोजाना छह से आठ घंटे धूप मिलनी चाहिए। इसलिए, पौधे लगाने के लिए ऐसी जगह चुने, जहां उन्हें पर्याप्त धूप मिल सके। गर्मियों में किसी छांव वाली जगह पर ही गुलाब का पौधा लगाएं ताकि इसे सीधी धूप से बचाया भी जा सके और पर्याप्त हवा–पानी भी मिले।

पौधा लगाने का सही समयः वैसे तो गर्मियों को छोड़कर, पूरे सालभर गुलाब के फूल उगाये जा सकते हैं। लेकिन, बारिश के मौसम के बाद और सर्दियों से पहले का मौसम, इन्हें उगाने के लिए सबसे सही होता है। अक्टूबर से नवंबर तक इन्हें आसानी से लगाया जा सकता है।

सही मात्रा में पानी

पौधों के अच्छे से बढने के लिए, मिट्टी का नम रहना जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने से पौधे स्वस्थ रहते हैं। पौधों में पानी देने का सबसे अच्छा समय सुबह का होता है। गर्मी के समय पौधों का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे कि जरूरत से ज्यादा पानी, पौधों को सड़ा देता है। इसलिए, पानी हिसाब से ही दें।

गुलाब के पौधे की मिट्टी पर दें ध्यान

गुलाब का पौधा उस वक्त अच्छा रहता है जब इसकी मिट्टी सही होती है। अगर पौधे की मिट्टी बहुत कड़क है और सिर्फ ब्लैक सॉइल का इस्तेमाल आप कर रहे हैं तो कभी भी अच्छे फूल नहीं आएंगे। गुलाब के पौधे को रीपॉट करना जरूरी है, इसे दो–तीन दिन के अंदर रीपॉट करें जिससे ये सेटल हो जाए। इसे शुरुआत में बहुत तेज धूप में न रखें। मिट्टी बालू वाली होनी चाहिए, सिर्फ ब्लैक सॉइल का इस्तेमाल न करें। मिट्टी में खाद जरूर मिली होनी चाहिए। गुलाब के पौधे के लिए किचन वाले कॉम्पोस्ट से ज्यादा बेहतर गोबर की खाद हो सकती है। मिट्टी को कड़क होने न दें। उसकी बीच–बीच में खुदाई करते रहें ताकि पानी आसानी से पौधे में भी जा सके और एक्स्ट्रा पानी निकल सके। लेकिन ऐसा करते समय गुलाब की जड़ों का ध्यान जरूर रखिएगा। आप इसमें कोको पीट, बोन मील आदि भी मिला सकते हैं जिससे पूरे साल तक मिट्टी में सही न्यूट्रिएंट्स बने रहेंगे।

समय से खाद डालें

अगर आप समय से खाद देते रहेंगे तो आपके पौधे में और अधिक तथा खूबसूरत गुलाब आएंगे। महीने में एक बार खाद जरूर डालें। जहां तक संभव हो केमिकल वाले खाद का इस्तेमाल न करें। आप इनमें घर की बनी जैविक खाद भी डाल सकते हैं। अंडे तथा विभिन्न फल–सब्जियों के छिल्के और चाय की पत्ती को सुखाकर, पौधों की जड़ों में डालना काफी फायदेमंद होता है। ध्यान रहे कि आप गर्मियों में ज्यादा खाद ना दें। क्योंकि, इस मौसम में ज्यादा खाद देने से पौधे जल सकते हैं। इसके अलावा, इस मौसम में नाइट्रोजन की अधिकता वाले खाद ही देने चाहिए।

छंटाई

पौधों की नियमित रुप से कटाई–छंटाई करना जरूरी है। इससे पौधों को बढने में मदद मिलती है। गुलाब के पौधों की समय पर छंटाई नहीं की जाए तो ये बहुत ज्यादा बड़े, लकडियों वाले और बीमारियों के लिए संवेदनशील हो सकते हैं। इनके कमजोर और पुराने डंठलों को हटाना जरूरी है। जिससे पौधों को हवा और धूप अच्छे से मिलती है। अक्सर वसंत की शुरुआत में पौधों की छंटाई होती है। ध्यान रहे कि आप गुलाब के पौधों को कैंची से 45 डिग्री के कोण पर ही काटे। आप फूल के तने को उसकी पिछली पत्ती के ठीक ऊपर से काट सकते हैं ताकि जल्द ही दूसरा फूल उग सके।

अगर सूख रहा है पौधा तो करें ये काम

गुलाब का पौधा वैसे तो बहुत ही आसानी से उग जाता है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि ये सूखने लगे और इसकी पत्तियां काली पड़ जाएं। ऐसे में आप एक डाइ फर्टिलाइजर बना सकते हैं जिसे पौधों पर डाला जा सकता है। सूखा गोबर और थोड़े से सिट्रस फ्रूट्स के छिलके जैसे संतरे आदि के छिलके लेकर इसे 1 बाल्टी पानी में दो–तीन दिन के लिए रख दें। इसके बाद आप उस पानी को थोड़े और साफ पानी में मिलाकर अपने गुलाब के पौधों में डालें और आप स्प्रे बॉटल की मदद से इसे पत्तियों में भी छिड़क सकते हैं। इसे आप हफ्ते में 1 बार कर सकते हैं और आप देखेंगे कि गुलाब के पौधे किस तरह से खिलने लगेंगे। किचन में दाल–चावल धोने के बाद बचा पानी, आलू उबालने के बाद बचा पानी या सब्जियों को धोने के बाद बचा पानी एक जगह इकत्र्हा कर लें और उसे अपने गुलाब के पौधों में डालें। इस पानी में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिएंट्स होते हैं जिससे गुलाब के पौधे सड़ते नहीं हैं और उनकी मिट्टी भी नम बनी रहती है वो कड़क नहीं होती।

दोपहर की धूप

अक्सर लोगों को लगता है कि पौधों को सीधे सूरज की रौशनी में रखने से ये अच्छी तरह से खिलते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना चाहिए कि आप किस तरह के पौधे की बात कर रहे हैं। जैसे गुलाब का पौधा ठंडों में बहुत अच्छे से फूल दे सकता है। गर्मियों में तो इसे धूप से बचाने की नौबत आ सकती है। ऐसे में आप 50त्न ग्रीन शेड वाली नेट के नीचे गुलाब का पौधा लगाएं ताकि इसे सीधे दोपहर की धूप से बचाया भी जा सके और पर्याप्त हवा–पानी भी इसे मिले।

## सूर्या की 41वीं फिल्म में हुई कृति शेट्टी की एंट्री

साउथ के जाने–माने निर्देशक बाला की नई फिल्म सूर्या 41 को लेकर खूब चर्चा चल रही है। बताया जा रहा है इस फिल्म का फैंस कई दिनों से इंतजार कर रहे है। इस फिल्म में आपको



साउथ के बड़े स्टार सूर्या नजर आने वाले है। इस फिल्म से जुड़ी एक खास बात ये भी है कि सूर्या और निर्देशक बाला एक दूसरे साथ करीब 18 साल बाद काम कर रहे है। इस फिल्म की अपोजिट फीमेल लीड को लेकर हर जगह सवाल हो रहे थे। अभ जाकर इसका जवाब मिल गया है। जिसे जानने के बाद फैंस काफी खुश नजर आ रहे है। तो चलिए जानते है कौन है अपोजिट फीमेल लीड रोल। निर्देशक बाला की नई फिल्म हैशटैग सूर्या 41 में आपको सूर्या के साथ टॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेसेस में से एक कृति शेट्टी नजर आने वाली है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कृति शेट्टी पहली बार सूर्या के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। कृति शेट्टी के अलावा इस फिल्म में कई और स्टार्स नजर आने वाले है। इस बात की जानकारी 2डी एंटरटेनमेंट के ट्विटर हैंडल से दी गई है। इसमें जमकर कृति शेट्टी की तारीफ की गई है। बताया जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट नंधा और पीथमगन जैसी फिल्मों के प्लॉट से बिल्कुल अलग होगा। इस फिल्म में सूर्या का किरदार ऐसा होगा जो पहले तमिल सिनेमा में नहीं देखा गया है। बताया जा रहा है ये फिल्म काफी बड़े बजट में बनने वाली है। अब देखना ये होगा की क्या ये सूर्या की ये फिल्म राम चरण की फिल्म आरआरआर को पीछे छोड़ पाएगी या नहीं। सूर्या और कृति शेट्टी की लीड रोल वाली फिल्म को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।




## अपारशक्ति ने पूरी की एक्शन थ्रिलर बर्लिन की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर बर्लिन की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में राहुल बोस और इश्वाक सिंह भी नजर आएंगे। अतुल सभरवाल द्वारा निर्देशित फिल्म ने दिल्ली, भोपाल, आगरा और मुंबई जैसे शहरों में शूटिंग की है।

अभिनेता ने कहा कि उन्हें अतुल के साथ काम करने में इतना मजा आया कि अब वह निर्देशक के साथ एक कॉमेडी फिल्म और करना चाहते हैं।

अपारशक्ति ने कहा कि मुझे लगता है कि अतुल सर में बहुत अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर है, जिससे लोग बिल्कुल अनजान हैं। उनके सेंस ऑफ ह्यूमर और टीम वर्क ने काम को और मजेदार बना दिया था। उन्होंने कहा कि जहां कभी भी मैं नहीं हम होता है, वह सबसे अच्छी टीमें होती हैं। सबसे खूबसूरत टीम को अलविदा कहना थोड़ा मुश्किल है, पर बर्लिन के सेट की यादें हमारे पास हमेशा रहेंगी। पूरी टीम के साथ काम करना मजेदार रहा। एक्शन थ्रिलर का निर्माण जी स्टूडियोज, अतुल सभरवाल और मानव श्रीवास्तव ने यिप्पी की ये मोशन पिक्च र्स के तहत किया है।

## आर्य–स्टारर कैप्टन का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज



निर्देशक शक्ति सुंदर राजन की अपकमिंग फिल्म कैप्टन का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में अभिनेता आर्य मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता आर्य की पिछली फिल्में, सरपट्टा परंबरई और टेडी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं अब फैंस को कैप्टन से काफी उम्मीदें हैं। यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि फर्स्ट लुक के इस सिंगल फ्रेम को बनाने में टीम को डेढ़ साल का समय लगा है। उनका कहना है कि यह सिंगल फ्रेम फिल्म शैली की थ्रिलर शैली की एक झलक देता है। इस फिल्म के लिए आर्य के सपोर्ट से निर्माता बेहद खुश हैं। पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। आर्य के अलावा, फिल्म में सिमरन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, हरीश उथमन, काव्या शेट्टी, गोकुल आनंद, सुरेश मेनन, भरत राज और अंबुली गोकुल भी हैं। डी. इम्मान ने इस फिल्म के लिए संगीत दिया है, वहीं छायांकन एस युवा द्वारा किया जाएगा। फिल्म के गीतों के बोल कार्की ने लिखे हैं और संपादन प्रदीप ई राघव ने किया है।

## पीने के अलावा भी कई काम आती हैं वाइन, चौंका देंगे इसके इस्तेमाल



कई लोग ड्रिंक करते हैं जिसमें से कुछ वाइन पीना पसंद करते हैं। विदेशों में तो देखने को मिलता हैं कि खाने के दौरान वाइन सर्व की जाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वाइन का इस्तेमाल सिर्फ पीने के लिए ही नहीं होता हैं बल्कि इसे कई तरीकों से काम में लिया जा सकता हैं। जी हां, वाइन आपकी दैनिक जीवन की कई समस्याओं को भी आसान बना सकती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको वाइन के गजब के इस्तेमाल के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें जान आप भी हैरान रह जाएंगे। तो आइये जानते हैं इसके बारे में...

मैरीनेट के लिए इस्तेमाल करें

अभी तक आपने नॉनवेज को करने के लिए लिए आप वाइन से ग्रिल भी हो सकेंगी। इसके दही और तमाम तरह के मसालों सहित कई और चीजों से मैरीनेट किया होगा। लेकिन इनको मैरीनेट का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इससे नॉनवेज का का स्वाद दो बढ़ेगा ही, साथ ही ये अच्छी तरह लिए आप नॉनवेज को कुछ देर के लिए वाइन में डिप करके मैरीनेट करें फिर इसको पकाएं।

फैब्रिक डाई करें

फैब्रिक को रेड और लाइट मरून कलर में डाई करने के लिए आप वाइन की मदद ले सकते हैं। इसके लिए आप एक बड़े बर्तन में वाइन को उबलने के लिए रख दें। जब ये उबलने लगे तो गैस को बंद कर दें। फिर कपड़े को वाइन में डालकर चिमटे की मदद से इसको अच्छी तरह से अलट–पलट दें, जिससे कपड़ा अच्छी तरह से वाइन में डिप हो सके। फिर इस कपड़े को वाइन में बीस मिनट तक रखा रहने दें। इसके बाद ठंडा होने पर कपड़े को निचोड़ कर सुखा लें।

सब्जियों की सफाई करें

फल और सब्जियों को धोने के लिए भी आप वाइन को इस्तेमाल में ला सकते हैं। जिस तरह से फल और सब्जियों की सफाई के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करते हैं, उसी तरह से वाइन का इस्तेमाल भी आपको करना होगा। यह नेचुरल क्लीनर की तरह से काम करेगी। दरअसल वाइन में अल्कोहल की मात्रा काफी होती है जो फल और सब्जियों की सफाई करने और जर्म्स को मारने में मदद करती है।

स्किन के लिए इस्तेमाल करें

अपनी स्किन की सेहत सुधारने के लिए भी आप वाइन की मदद ले सकते हैं। ये स्किन को सॉफ्ट बनाने के साथ ही ड्राइनेस को खध्त्म करने और स्किन की रंगत को निखारने में आपकी मदद करेगी। इसका इस्तेमाल फेस पैक और टोनर की तरह से किया जा सकता है। लेकिन इसको इस्तेमाल करने से पहले आप स्किन पर इसका पैच टेस्ट जरूर कर लें।